मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्ष: 8 अंक 259
मंगलवार, 07 अप्रैल 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## दिल्ली में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि भारत का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता: राहुल गांधी

**पलक्कड़, 06 अप्रैल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पलक्कड़ में एक रैली के दौरान केरल विधानसभा चुनाव से पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक गठबंधन का आरोप लगाया। समर्थकों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि भारत का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता, उसका नाम मोदी है, और केरल में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि केरल का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता। इन लोगों का अहंकार देखिए कि वे सोचते हैं कि केरल और देश का नेतृत्व केवल वही कर सकते हैं। दोनों साझेदार हैं। वे एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैंङ्घ प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और हर भाषण में भगवान, हिंदू धर्म और धर्म की बात करते हैं। लेकिन केरल में वे सबरीमाला और वहां से चोरी हुए सोने की बात नहीं करते। गांधी ने आगे दावा किया कि वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल के मुख्य निशाने पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं भाजपा के खिलाफ लड़ता हूं। मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर पैदल यात्रा की। प्रवर्तन निदेशालय ने मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की। मैं जमानत पर बाहर हूं। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मैं प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल का मुख्य निशाना हूं।



उन्होंने सवाल उठाया कि पिनारयी विजयन और उनके परिवार की जांच क्यों नहीं की गई। गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केरल के मुख्यमंत्री पर हमला क्यों नहीं करती? उनसे और उनके परिवार से पूछताछ क्यों नहीं की जाती? सभी जानते हैं कि केरल के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और सबरीमाला मंदिर या सोने की चोरी के बारे में बात नहीं करते क्योंकि वे मुख्यमंत्री को बचाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने केरल में चलाए गए एक विज्ञापन अभियान का भी जिक्र किया, जिसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ 'और कौन' टैगलाइन छपी थी। उन्होंने कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि राज्य का प्रभावी नेतृत्व कोई और नहीं कर सकता।

भाजपा के साथ अपने संघर्षों के दौरान केरल की प्रतिक्रिया के बारे में गांधी ने कहा कि जब भाजपा मुझ पर प्रतिदिन हमले कर रही थी, तब केरल मेरे साथ खड़ा रहा। यूडीएफ और एलडीएफ दोनों के लोगों ने मेरी देखभाल की।

जब मुझे सुरक्षा की जरूरत थी, तब पूरे केरल ने मेरी रक्षा की। उन्होंने एलडीएफ पर केरल में एक नया अभियान शुरू करने का आरोप लगाया, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री को भाजपा के साथ जोड़ा जा रहा था। उन्होंने कहा कि आज केरल में एलडीएफ द्वारा एक नया अभियान शुरू किया गया है।

भाजपा के प्रति आपके मुख्यमंत्री का रवैया वही है जो आप कहते हैं कि मैं करूंगा। डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को नियंत्रित करते हैं, और नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित करते हैं।

## 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा, कस्टोडियल डेथ केस में मद्रास हाईकोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**तमिलनाडु, 06 अप्रैल।** तमिलनाडु के मदुरै की एक अदालत ने बहुचर्चित साथनकुलम कस्टोडियल डेथ मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए नौ पुलिसकर्मियों को मौत की सजा दी है। यह मामला वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान हुई बाप-बेटे की हिरासत में मौत से जुड़ा है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था।

आप को बता दें कि यह घटना थूथुकुडी जिले के साथनकुलम क्षेत्र की है, जहां मोबाइल दुकान चलाने वाले पी. जयराज और उनके बेटे जे. बेनिक्स को लॉकडाउन नियमों के उल्लंघन के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने दुकान निर्धारित समय से अधिक देर तक खोली थी।

गिरफ्तारी के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया, लेकिन उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। अस्पताल में भर्ती



कराने के बाद 22 जून को बेनिक्स और 23 जून को जयराज की मौत हो गई।

इस घटना के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया और पुलिस कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच सीबीआई को सौंपी गई। जांच एजेंसी ने कई पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि गिरफ्तारी के दौरान कानून का उल्लंघन किया गया और हिरासत में दोनों को अमानवीय यातनाएं दी गईं, जिसके चलते उनकी मौत हुई। कोर्ट ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए सभी दोषियों को कड़ी सजा सुनाई। इस फैसले को कस्टोडियल हिंसा के मामलों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है, जो कानून व्यवस्था में जवाबदेही और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए सख्त संदेश देता है।

## नहीं रुकेगी जंग, ईरान ने ठुकराया ट्रंप का 15 सूत्रीय प्रस्ताव, कहा-अब सिर्फ अपनी शर्तों पर करेंगे डील

**ईरान, 06 अप्रैल।** ईरान ने अमेरिका के उस 15-पॉइंट प्रस्ताव को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिसे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष खत्म करने और Strait of Hormuz को खोलने के लिए तैयार किया गया था। Iranian ForeignMinistry ने कहा कि यह प्रस्ताव बहुत ज्यादा मांगों वाला और अव्यावहारिक है, जिसे मौजूदा हालात में स्वीकार करना संभव नहीं है। ईरान ने साफ कर दिया है कि उसने अब अपनी शर्तों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और बातचीत तभी आगे बढ़ेगी जब इन मांगों को ध्यान में रखा जाएगा। इससे साफ है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की राह अभी आसान नहीं है।

ईरान ने अमेरिका के उस दावे पर भी शक जताया, जिसमें Donald Trump ने कहा था कि ईरान के



अंदर एक हाई-रिस्क ऑपरेशन कर अमेरिकी पायलट को बचाया गया। ईरान का कहना है कि यह ऑपरेशन असल में उनके समृद्ध यूरेनियम को कब्जे में लेने की कोशिश भी हो सकता था। विदेश मंत्रालय ने यह भी चेतावनी दी कि अगर सिर्फ सीजफायर किया गया और मूल मुद्दों का समाधान नहीं हुआ, तो इससे विरोधी पक्ष को दोबारा ताकत जुटाने का मौका मिल सकता है और संघर्ष फिर शुरू हो सकता है। इस बीच, ईरान ने डेंल्ल के साथ बातचीत शुरू की है, ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित और सुचारू बनी रहे। यह इलाका दुनिया की ऊर्जा सप्लाई के लिए बेहद अहम माना जाता है। कुल मिलाकर, ईरान ने साफ संकेत दे दिया है कि वह दबाव में आने वाला नहीं है और अब बातचीत उसकी शर्तों पर ही आगे बढ़ेगी।

## जन-जन के नायक थे चौ. देवीलाल, उनकी नीतियों से आमजन का भला हुआ : डॉ. अजय चौटाला

**चंडीगढ़, 06 अप्रैल।** भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर जननायक जनता पार्टी के नेताओं ने दिल्ली स्थित संघर्ष स्थल और सभी जिलों में उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी हैं। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने सोमवार सुबह दिल्ली समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए।

डॉ. चौटाला ने कहा कि हर साल अनुयायी चौधरी देवीलाल को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते है और उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेकर आगे बढ़ते है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल द्वारा करवाए गए जनहितैषी कार्यों से आज भी आमजन लाभान्वित हो रहे है, तभी वे जन-जन के नायक



कहलाते हैं। अजय चौटाला ने कहा कि खासकर युवा पीढ़ी को चौधरी देवीलाल के संघर्ष के बारे में जरूर जानना चाहिए।

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में जननायक चौधरी देवीलाल का अहम योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से हमें सीख लेते हुए इस उद्देश्य पर काम करना चाहिए कि गरीब, किसान, कमेरा वर्ग कैसे आगे बढ़े और कैसे देश के हर नागरिक को उसका अधिकार मिल सके।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि ताउम्र उसूलों पर चलते हुए चौ देवीलाल ने देश हित के लिए काम किया था। इतना ही नहीं देश के प्रधानमंत्री के पद का भी उन्होंने त्याग कर दिया था। जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने हरियाणा में बुजुर्गों के सम्मान में बुढ़ापा पेंशन का पौधा लगाया था, जिसका अनेक राज्यों में अनुसरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में राजनीति और सामाजिक बदलाव लाने में उनकी बड़ी अहम भूमिका रही हैं।

जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौ. देवीलाल की सोच और नीतियों के चलते पूरा देश उन्हें श्रद्धाभाव से किसान, मजदूर व कमेरे वर्ग के मसीहा के रूप में याद करता हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने गांव-देहात के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। सिरसा में पूर्व विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर सही मायने में उन्हें श्रद्धांजलि देना तभी सार्थक माना जाएगा जब प्रत्येक व्यक्ति उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए कमेरे, किसान, शोषित वर्ग के समर्थन में उठ खड़ा होगा।

उन्होंने कहा कि जेजेपी आज सही मायने में उनके दिखाए पथ पर चलकर पूरे हरियाणा में सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। सभी जिलों में स्थापित चौ. देवीलाल की प्रतिमाओं पर जेजेपी द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने देवीलाल को नमन किया और उनके द्वारा जीवनकाल में किए गए लोक कल्याण के कार्यों को याद किया।

इस अवसर पर जेजेपी के वरिष्ठ नेता दिनेश डागर, पूर्व विधायक रमेश खटक, गंगा राम, धर्म देव सोलंकी, देवेंद्र कादयान, रविंद्र सांगवान, पालम 360 के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी, ओम प्रकाश सहरावत, पंकज गोदारा, ऋषि राज राणा, सुरेंद्र ठाकरान, जयवीर गांधी, कृष्ण पहलवान, रजनी मलिक, राज सिंह दहिया, कर्नल राठी, अशोक सरोहा, सुरेंद्र सरोत, संजय दलाल, मुकेश सिहाग आदि मौजूद रहे।

## सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज, दोनो सदनों के स्पीकर ने ठुकराया प्रस्ताव

**नई दिल्ली, 06 अप्रैल।** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। लोकसभा सचिवालय और राज्यसभा सचिवालय ने यह जानकारी दी। लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सदस्यों ने बीते 12 मार्च को दोनों सदनों में कुमार के खिलाफ नोटिस सौंपा था।



लोकसभा सचिवालय ने कहा कि भारत के संविधान (अनुच्छेद 324(5) व 124(4)) और मुख्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत धारा 11(2) और न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित दिनांक 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग की गई थी।

सचिवालय ने कहा, ?प्रस्ताव के नोटिस पर उचित विचार-विमर्श करने और उसमें शामिल सभी प्रासंगिक पहलुओं और मुद्दों के सावधानीपूर्वक और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के बाद, लोकसभा अध्यक्ष ने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3 के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रस्ताव के उक्त नोटिस को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने भी विपक्ष के नोटिस को खारिज कर दिया। राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया है कि प्रस्ताव की सूचना पर उचित विचार-विमर्श करने और सावधानीपूर्वक और वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने के बाद सभापति ने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त नोटिस को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। अपने नोटिस में, लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सदस्यों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर "कार्यपालिका के इशारे पर काम करने" का आरोप लगाया था।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर शाह का राहुल गांधी पर तंज, कहा- ऐसा हुआ है लेकिन पाकिस्तान में

**नई दिल्ली, 06 अपैल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी होने के दावों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सोमवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसा हुआ तो है, "लेकिन पड़ोसी देश पाकिस्तान में।"

केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मन्नादिपेट निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि एक तरफ जहां राजग पुडुचेरी का विकास चाहता है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेता हैं, "जिन्हें लगता है कि पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें भारत के बराबर हैं।" शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हाल में इस केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में कहा था कि "खाड़ी युद्ध के कारण भारत में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गई हैं।" उन्होंने कहा, "वह सही कह रहे हैं। पेट्रोल की कीमत 458 रुपये है, जबकि डीजल की कीमत 520 रुपये तक पहुंच गई है। लेकिन राहुल... ऐसा भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हुआ है।"उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, देश में कीमतें स्थिर हैं और पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। हाल में, ईंधन की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के बाद हुए कड़े विरोध के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पेट्रोल की कीमत में कटौती की घोषणा की थी। शाह ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि भाकपा और माकपा केंद्र शासित प्रदेश में पहले ही गठबंधन छोड़ चुकी हैं, जबकि द्रमुक और कांग्रेस पांच सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर राजग एकजुट है। सत्तारूढ़ गठबंधन की 2021 की जीत पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उस वक्त कहा था कि 30 सीटों वाले "छोटे राज्य" में जीत हासिल करने में क्या बड़ी बात है। शाह ने कहा, "खरगे साहब, चाहे सीटें तीन हों या 300, राज्य तो राज्य ही होते हैं। हमारे लिए पुडुचेरी किसी बड़े राज्य से कम नहीं है और यह भारत का अभिन्न अंग है।" केंद्र शासित प्रदेश में मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ए. नमास्सिवयम के काम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश को केंद्रीय निधि दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध



NEW LIGHT CLASSES
TRADITION OF EXCELLENCE
2nd Floor, Sheetal Bldg. Near Diamond Talkies, L. T. Road, Borivali (West) Mumbai - 400 092 Maharashtra
ADMISSIONS OPEN
ALL OVER INDIA
ENROLL NOW



SMART CLASSROOM
(ONLINE/OFFLINE)
Courses Offered
- Std. XI & XII (Sci.)
- MHT-CET
- NEET
- Polytechnic & Engg
- JEE (Main & Advance)
- Physics and Maths (ICSE, CBSE, ISC)
M: 9833240148 | E: edu@newlightclasses.com | W: www.newlightclasses.com

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

# कोरियन ड्रामा से भारतीय सीरियल तक : मनोरंजन की दिशा पर पुनर्विचार



-ललित गर्ग

विश्व के मनोरंजन जगत में पिछले कुछ वर्षों में यदि किसी देश ने टेलीविजन और वेब सीरीज के माध्यम से पूरी दुनिया को सबसे अधिक प्रभावित किया है तो वह दक्षिण कोरिया है। कोरियन ड्रामा आज केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक प्रभाव, सामाजिक शिक्षा, भावनात्मक परिपक्वता और जीवन मूल्यों के प्रस्तुतीकरण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। भारत सहित दुनिया के करोड़ों लोग कोरियन ड्रामा देख रहे हैं और उनसे प्रभावित हो रहे हैं। यह केवल तकनीक या अभिनय का प्रभाव नहीं है, बल्कि उनकी कहानियों की संवेदनशीलता, जीवन की वास्तविकता और मानवीय रिश्तों की गहराई का प्रभाव है। कोरियन ड्रामा का सबसे बड़ा गुण यह है कि वे जीवन की वास्तविक समस्याओं को बहुत संवेदनशील और मानवीय तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनमें परिवार है, प्रेम है, संघर्ष है, बीमारी है, मानसिक तनाव है, करियर की समस्याएं हैं, सामाजिक दबाव है, लेकिन इन सबके साथ समाधान भी है, आशा भी है, सकारात्मकता भी है। वे केवल समस्या नहीं दिखाते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। उनके पात्र अतिनाटकीय या अवास्तविक नहीं होते, बल्कि आम आदमी जैसे होते हैं, जिनकी समस्याएं भी वास्तविक होती हैं और संघर्ष भी वास्तविक होता है। कोरियन ड्रामा की एक विशेषता यह भी है कि वे सीमित



एपिसोड में एक पूर्ण कहानी प्रस्तुत करते हैं। उनमें अनावश्यक विस्तार, अंतहीन षड्यंत्र और कृत्रिम मोड़ नहीं होते। कहानी का एक उद्देश्य होता है और वह उद्देश्य पूरा होते ही कहानी समाप्त हो जाती है। इस कारण उनमें कसाव, गुणवत्ता और प्रभाव बना रहता है। वे दर्शकों के समय और संवेदना दोनों का सम्मान करते हैं। यदि हम भारतीय टीवी सीरियल्स की ओर देखें, तो स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। अधिकांश धारावाहिक सास-बहू के अंतहीन संघर्ष, पारिवारिक षड्यंत्र, पुनर्जन्म, चमत्कार, बदला, ईर्ष्या और दिखावे के जीवन के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं। एक ही कहानी वर्षों तक चलती रहती है और उसमें वास्तविक जीवन से कोई संबंध नहीं रह जाता। परिवार, जो प्रेम, सहयोग और संवाद का केंद्र होना चाहिए, उसे षड्यंत्र और राजनीति का केंद्र बना दिया जाता है। इससे समाज में नकारात्मक मानसिकता का निर्माण होता है। भारतीय फिल्मों की स्थिति भी बहुत अलग नहीं है। अधिकांश फिल्में मारधाड़, हीरोगिरी, बदला, अपराध या अवास्तविक प्रेम कहानियों पर आधारित होती हैं। उनमें वास्तविक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान पर बहुत कम काम होता है। जबकि आज समाज जिन समस्याओं से जूझ रहा है, वे अलग हैं-मानसिक तनाव, अवसाद, अकेलापन, पारिवारिक विघटन, पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी, बेरोजगारी, करियर का दबाव, स्वास्थ्य समस्याएं, नशा, पर्यावरण संकट आदि। इन विषयों पर आधारित मनोरंजन बहुत कम देखने को मिलता है।

कोरियन ड्रामा की लोकप्रियता का एक कारण यह भी है कि वे दर्शकों को भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाते हैं। उन्हें देखकर व्यक्ति केवल मनोरंजन नहीं करता, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ता है, जीवन को समझता है, रिश्तों की अहमियत को समझता है, धैर्य और संघर्ष की प्रेरणा पाता है। कई कोरियन ड्रामा मानसिक स्वास्थ्य, अवसाद, ऑटिज्म, अस्पताल जीवन, वकीलों के संघर्ष, शिक्षकों के जीवन, छोटे उद्यमियों के संघर्ष जैसे विषयों पर बने हैं। वे दर्शकों को संवेदनशील बनाते हैं, आक्रामक नहीं। भारत में भी कुछ अच्छे धारावाहिक बने हैं, जैसे हम लोग, बुनियाद, संजीवनी, बालिका वधू, उड़ान, तारक मेहता का उल्टा चश्मा आदि, जिन्होंने समाज को कुछ सकारात्मक संदेश दिए। लेकिन ऐसे धारावाहिकों की संख्या बहुत कम है। आज जरूरत ऐसे धारावाहिकों और फिल्मों की है जो समाज को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएं, जीवन जीने की कला सिखाएं, तनाव से मुक्ति का मार्ग दिखाएं, परिवार को जोड़ने का संदेश दें और सकारात्मक सोच का निर्माण करें।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनोरंजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं होना चाहिए, बल्कि मन का निर्माण होना चाहिए। यदि फिल्म या धारावाहिक देखकर व्यक्ति अधिक आक्रामक, असंतुष्ट, तनावग्रस्त या अवास्तविक जीवन की कल्पनाओं में खो जाए, तो वह मनोरंजन नहीं, मानसिक प्रदूषण है। लेकिन यदि कोई फिल्म या धारावाहिक व्यक्ति को प्रेरित करे, जीवन में आशा जगाए, समस्याओं से लड़ने की शक्ति दे, रिश्तों को समझने की दृष्टि दे, तो वह वास्तविक मनोरंजन है। आज समाज में मानसिक बीमारियां, अवसाद, अकेलापन और तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में मनोरंजन उद्योग की जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। उन्हें ऐसे धारावाहिक और फिल्में बनानी चाहिए जो मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को स्वस्थ बनने की प्रेरणा दें, सकारात्मक सोच का निर्माण करें, योग, ध्यान, संवाद, परिवार, मित्रता और जीवन के उद्देश्य के महत्व को दिखाएं। यदि इस दिशा में काम किया जाए, तो मनोरंजन उद्योग समाज के लिए वरदान बन सकता है।

यह भी विचारणीय है कि आखिर क्यों हमारे अधिकांश सीरियल सास-बहू के संघर्ष से शुरू होकर षड्यंत्र और बदले पर समाप्त होते हैं, और हमारी फिल्में मारधाड़ और हीरोगिरी पर आधारित होती हैं। इसका एक कारण यह है कि निमार्ता यह मानते हैं कि दर्शक यही देखना चाहते हैं। लेकिन यह आधा सच है। वास्तविकता यह है कि दर्शकों को अच्छा, संवेदनशील और सार्थक कंटेंट मिलेगा, तो वे उसे भी उतना ही पसंद करेंगे, जैसा आज वे कोरियन ड्रामा को पसंद कर रहे हैं। इसका अर्थ है कि समस्या दर्शकों की पसंद में नहीं, बल्कि कंटेंट की दिशा में है। समय आ गया है कि भारतीय मनोरंजन जगत अपनी दिशा पर पुनर्विचार करे। उन्हें यह सोचना होगा कि वे समाज को किस दिशा में ले जा रहे हैं। क्या वे समाज को संवेदनशील, सकारात्मक और स्वस्थ बना रहे हैं, या केवल मनोरंजन के नाम पर नकारात्मकता, हिंसा और षड्यंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं? मनोरंजन उद्योग केवल उद्योग नहीं है, वह समाज निर्माण का माध्यम भी है।

कोरियन ड्रामा हमें यह सिखाते हैं कि मनोरंजन भी समाज को शिक्षित कर सकता है, प्रेरित कर सकता है, भावनात्मक रूप से परिपक्व बना सकता है और जीवन को समझने की दृष्टि दे सकता है। भारतीय सिनेमा और टेलीविजन यदि इस दिशा में काम करें, तो वे केवल मनोरंजन नहीं करेंगे, बल्कि समाज को बेहतर बनाएंगे। मनोरंजन का सर्वोच्च रूप वही है जो मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाए, जो निराशा में आशा दे, जो टूटते परिवारों को जोड़ने की प्रेरणा दे, जो तनावग्रस्त व्यक्ति को शांति दे, जो जीवन की समस्याओं का समाधान सिखाए। जब भारतीय धारावाहिक और फिल्में इस दिशा में बननी शुरू होंगी, तब मनोरंजन वास्तव में समाज निर्माण का माध्यम बन सकेगा। यही समय की आवश्यकता है और यही भविष्य की दिशा भी।

# खरगे की अशिक्षित गुजरात वाली टिप्पणी पर भाजपा के जोरदार पलटवार



अशोक भाटिया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार (5 अप्रैल) को इडुक्की जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि केरल के लोग शिक्षित और चतुर हैं और उन्हें गुमराह नहीं किया जा सकता, जबकि गुजरात और कुछ अन्य स्थानों के लोग गुमराह हो जाते हैं। उन्होंने कहा था कि केरल के लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन पर हमला करते हुए केरल और गुजरात के लोगों की तुलना की और कहा कि ये दोनों नेता गुजरात या अन्य जगहों के निरक्षर लोगों को तो मूर्ख बना सकते हैं लेकिन चुनाव वाले राज्य यानी केरल में नहीं। खड़गे के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने इसे अपमानजनक बताते हुए प्रतिक्रिया दी है। बता दें कि केरल की 140 विधानसभा सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है, जिसके चलते सभी दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

भाजपा ने रविवार को केरल और गुजरात के लोगों की तुलना करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि खरगे ने गुजरात और उत्तर भारत के अन्य राज्यों के लोगों को अशिक्षित कहकर उनका अपमान किया है। भाजपा ने विपक्षी दल पर विधानसभा चुनावों से पहले फूट डालो और राज करो की राजनीति करने का आरोप लगाया।

भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने गुजरात और उत्तर भारत के लोगों का अपमान किया है और चुनाव से पहले फूट डालो और राज करो की राजनीति कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने ने खरगे पर पलटवार करते हुए उनसे पूछा कि महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे नेताओं की बुद्धिमत्ता के बारे में उनका क्या विचार है, ये सभी नेता गुजरात, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों से थे।त्रिवेदी ने कांग्रेस पर 9 अप्रैल को होने वाले केरल चुनावों से पहले फूट डालो और राज करो की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की जनता चुनावों में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद त्रिवेदी ने कहा, ह्यमैं राहुल गांधी के बारे में सवाल नहीं करना चाहूंगा क्योंकि पूरा देश उन्हें जानता है। उन्होंने कहा कि केरल के लोग वाकई बुद्धिमान और शिक्षित हैं, लेकिन न तो कांग्रेस और न ही वामपंथी दलों ने कभी उनके साथ न्याय किया। उन्होंने कहा ह्ययह सच है कि केरल के लोग बहुत बुद्धिमान और शिक्षित हैं। उनकी इसी बुद्धिमत्ता के कारण भाजपा ने 45 सालों के वामपंथी शासन के बाद तिरुवनंतपुरम में नगर निगम चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि केरल के लोग बहुत बुद्धिमान हैं इसलिए लव जिहाद की घटना सबसे पहले केरल में ही सामने आईह्व। उन्होंने कहा कि केरल के लोग समझदार हैं, लेकिन कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों के नेता बेहद खतरनाक हैं। वहीं गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगेपर तीखा हमला बोला और कहा कि उनकी टिप्पणी गुजरात की छह करोड़ जनता और महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं को देश को देने वाली राज्य की विरासत का अपमान है।खड़गे जी, जिस गुजरात की धरती ने देश को महात्मा गांधी दिए, जिस गुजरात ने देश को लौह पुरुष सरदार पटेल दिए,

जिस गुजरात ने देश के सबसे लोकप्रिय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी दिए, जिस गुजरात ने विकास का नया मॉडल पूरी दुनिया को दिखाया उस गुजरात के 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान?

इसी के साथ सांघवी ने कांग्रेस पर बार-बार गुजरात को निशाना बनाने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या पार्टी की यह आलोचना राज्य की जनता द्वारा सत्ता से बेदखल किए जाने के कारण है। उन्होंने कहा कि खरगे का बयान हताशा नहीं, बल्कि कांग्रेस की वास्तविक प्रतिष्ठा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि गुजरात की राजनीतिक रूप से जागरूक जनता ने गांधी और पटेल की भूमि का अपमान करने वालों को हमेशा नकारा है और आगे भी ऐसा करती रहेगी। साथ ही कहा कि गुजरात इसे माफ नहीं करेगा। इधर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला कहना है कि खरगे ने गुजरात और उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ चौंकाने वाली टिप्पणियां की हैं। सोशल मीडिया पर क वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बार फिर गुजरात और उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ चौंकाने वाली टिप्पणी की है। यह कांग्रेस की फूट डालो और राज करो की नीति को दशार्ता है। उन्होंने गुजरात और उत्तर प्रदेश के लोगों को सिर्फ इसलिए गाली दी और अनपढ़ कहा क्योंकि वे कांग्रेस को वोट नहीं देते। जब कांग्रेस चुनाव हारती है, तो वह लोगों को गाली देती है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, चौंकाने वालाः कांग्रेस ने गुजरात और उत्तर भारत का अपमान किया।पूनावाला ने पूछा कि क्या गुजरात में कांग्रेस के नेता और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और आरजेडी के तेजस्वी यादव जैसे विपक्षी नेता ऐसी टिप्पणियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा ह्यक्या गुजरात कांग्रेस इससे सहमत है? क्या अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव इससे सहमत हैं? यह पहली बार नहीं है। डी.के। सुरेश जैसे कांग्रेस नेताओं ने उत्तर और दक्षिण भारत के बीच विभाजन का आह्वान किया है। उन्होंने उत्तर भारतीयों और उत्तर में रहने वाले अन्य लोगों का अपमान किया है। इसके साथ ही भाजपा के एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए दोहराया कि पार्टी ह्वबांटो और राज करोह्व की नीति अपनाती है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते भंडारी ने कहा कि ए ओ ह्यूम द्वारा स्थापित कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति का अभ्यास करती है और एक भारतीय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना चाहती है।

भंडारी की पोस्ट में लिखा ह्यअंग्रेज ए ओ ह्यूम द्वारा स्थापित कांग्रेस, स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजों की तरह ही बांटो और राज करो की नीति अपनाती है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि भारत की जनता ने इस विभाजनकारी कांग्रेस को नकार दिया है, जिसके वैचारिक मार्गदर्शक शहरी नक्सली जैसे हैं और जो एक भारतीय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना चाहती है। कांग्रेस भारत की एकता के खिलाफ है। मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'अगर आपको गुजरात और अन्य क्षेत्रों के लोग कम समझदार लगते हैं, तो महात्मा गांधी, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और उत्तर भारत के सभी बड़े नेताओं को लेकर अपने इरादे स्पष्ट करें।'त्रिवेदी ने आगे कहा, 'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह बयान पार्टी की एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है, जो 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' जैसे विचार को आगे बढ़ाना चाहती है। यह पहली बार नहीं है जब ऐसा बयान दिया गया हो। इससे पहले भी पी। चिदंबरम ने कहा था कि अगर उत्तर भारत नहीं होता तो दक्षिण भारत बहुत आगे होता।'उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता लगातार उत्तर और दक्षिण भारत के बीच विभाजन की राजनीति कर रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि खड़गे के राज्य के एक वित्त मंत्री ने भी यह कहा था कि दक्षिण ज्यादा कर देता है, इसलिए उसे अलग हो जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने बिहार के लोगों के डीएनए को लेकर टिप्पणी की थी। केरल का जिक्र करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि वहां के लोग बहुत जागरूक और शिक्षित हैं और अब वे अपनी समझदारी दिखा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 45 साल के वामपंथी शासन के बाद तिरुवनंतपुरम में भाजपा ने नगर निगम चुनाव जीता। उन्होंने यह भी कहा कि 'लव जिहाद' का मुद्दा सबसे पहले केरल में ही सामने आया था। अंत में त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी केरल के जागरूक लोगों के साथ न्याय नहीं किया। खड़गे के बयान को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी द्वारा गुजरात के लोगों के संदर्भ में दिए गए बयान अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस प्रकार की टिप्पणी न केवल 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पावन धरती की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। उन्होंने आगे कहा, गुजरात ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे बयान कांग्रेस की संकीर्ण सोच को दशार्ते हैं। यह टिप्पणी स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से कांग्रेस कितना असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है। गुजरात की जागरूक जनता ऐसे बयानों का जवाब देना जानती है, और आने वाले समय में केरल की जनता भी कांग्रेस को नकारकर भाजपा की विकास की राजनीति का समर्थन करेगी, यह निश्चित है।इस प्रकार की टिप्पणी न केवल 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पावन धरती की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। भूपेंद्र पटेल ने कहा, गुजरात ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे बयान कांग्रेस की संकीर्ण सोच को दशार्ते हैं। यह टिप्पणी स्पष्ट करती है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से कांग्रेस कितना असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है। गुजरात की जागरूक जनता ऐसे बयानों का जवाब देना जानती है, और आने वाले समय में केरल की जनता भी कांग्रेस को नकारकर भाजपा की विकास की राजनीति का समर्थन करेगी, यह निश्चित है।

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता



-अजय कुमार

पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है।

चुनावी जंग की शुरूआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं। ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है।

चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं।

ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉमूर्ला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है।

इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं।

चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं। ममता का विक्टिम कार्ड खेलने का तरीका बहुत साफ है। वे हर घटना को अपने खिलाफ साजिश बताती हैं। रोना-धोना शुरू कर देती हैं। समर्थकों को उकसाती हैं। कहती हैं कि बंगाल की अस्मिता खतरे में है। लेकिन इस बार यह चाल चल नहीं रही। जनता देख रही है कि अर्धसैनिक बल ने कैसे शांति लाई। 2021 के दंगों की यादें ताजा हैं। लोग हिंसा से त्रस्त थे। अब वे शांत चुनाव चाहते हैं। ममता का गुस्सा इसी से भड़कता है। वे जानती हैं कि सत्ता खिसक रही है। भाजपा का माहौल मजबूत हो गया है। कार्यकर्ता बिना डर के प्रचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल की यह चुनावी जंग लोकतंत्र की जीत बन रही है। अर्धसैनिक बल और चुनाव आयोग की सख्ती ने हिंसा को जड़ से उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड फेल हो गया। उदाहरण गिनाने को तो बहुत हैं। हर जिले से ऐसी कहानियां आ रही हैं। जनता अब सच्चाई चुन रही है। यह बदलाव ऐतिहासिक है। बंगाल की धरती पर शांति का राज कायम हो रहा है।

# बीजेपी के स्थापना दिवस पर दिल्ली से लखनऊ तक भगवामय



-संजय सक्सेना

बीजेपी के स्थापना दिवस ने पूरे देश और प्रदेश को भगवा रंग में रंग दिया। 6 अप्रैल को मनाए गए इस खास अवसर पर दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक भाजपाइयों का उत्साह सड़कों पर उतर आया। मंचों पर भाषणों की गूंज सुनाई दी, कार्यकताओं के नारे हवा में गूंजे और भगवा झंडियां लहराईं। यह दिन सिर्फ पार्टी का जश्न था, बल्कि आने वाले समय के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाला पल साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भव्य बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के 47 वर्षों के सफर को बारीकी से बयान किया। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी ने शुरूआती दिनों में किन-किन चुनौतियों का सामना किया। इंदिरा गांधी के आपातकाल के दौर में जब लोकतंत्र कुचला जा रहा था, तब भाजपा के संस्थापकों ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और अन्य नेताओं के नेतृत्व में संघर्ष की राह चुनी। मोदी ने कहा कि आपातकाल के बाद 1980 में स्थापित हुई भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया। वे बोले कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रवाद, राम मंदिर निर्माण और एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांतों पर डटी रही। चुनौतियों में आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और कांग्रेस की एकछत्र सत्ता शामिल थी। लेकिन भाजपा ने जनता के बीच जाकर अपनी बात रखी। मोदी ने पुराने नेताओं के किस्से सुनाए। उन्होंने अटल जी की कविता और वाक्पटुता का जिक्र किया, जो सदन में विपक्ष को चुप करा देती थी। आडवाणी जी की राम रथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। इन किस्सों से कार्यकताओं में जोश भर गया।

मोदी ने कांग्रेस के पतन के कारणों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेहरू युग से ही परिवारवाद को बढ़ावा दिया। इंदिरा गांधी के समय आपातकाल ने लोकतंत्र को कुचल दिया, जिससे जनता का भरोसा टूटा। राजीव गांधी के दौर में बोफोर्स घोटाले ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। उसके बाद पीवी नरसिम्हा राव और फिर सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकारों में महंगाई, भ्रष्टाचार और आतंकवाद ने देश को जकड़ लिया। 2जी, कोलगेट और कमलनाथ जैसे घोटालों ने कांग्रेस को बदनाम कर दिया। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने वादे तो किए, लेकिन पूरा करने की बजाय देश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। दूसरी तरफ भाजपा का उभार इन कमियों को भरने वाला साबित हुआ। 1998 में अटल जी की सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर देश को मजबूत बनाया। 2014 में मोदी सरकार ने विकास, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे कदम उठाए। आज भाजपा सत्ता में है और देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी बन चुकी है।उत्तर प्रदेश में इस स्थापना दिवस का रंग कुछ और ही था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में कार्यक्रमों में शिरकत की। लखनऊ के भाजपा मुख्यालय से लेकर वाराणसी तक सभाओं में उनकी उपस्थिति ने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। योगी ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया खत्म हुए और कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कार्यकताओं से कहा कि भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। योगी ने मोदी जी के भाषण का हवाला देते हुए बताया कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर जो काम किया, वह जनता भूलेगी नहीं। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता जुटे। भगवा पटके लपेटे युवा नारे लगा रहे थे। योगी ने पुराने नेताओं को याद किया और कहा कि उनकी कुर्बानियां आज फलीभूत हो रही हैं।

देशभर में स्थापना दिवस के जश्न का अलग-अलग रूप दिखा। दिल्ली के रामलीला मैदान में मोदी का भाषण सुनने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग ट्रैक्टरों, जीपों और बसों से आए। गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश में भी सभाएं हुईं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। चुनौतियों के बावजूद भाजपा ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैलाव किया। पूर्वोत्तर में भाजपा की सरकारें बनीं, जहां कभी कांग्रेस का वर्चस्व था। मोदी ने भाषण में ट्रिपल तलाक बंदी, अनुच्छेद 370 हटाने और सीएए जैसे फैसलों का जिक्र किया। इनसे अल्पसंख्यकों को भी न्याय मिला, भले विपक्ष इसे तोड़-मरोड़कर पेश करे। कांग्रेस के पतन की कहानी भाजपा के उभार से जुड़ी हुई है। जहां कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर वोटबैंक की राजनीति की, वहीं भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया। 1977 के चुनाव में जनता पार्टी की जीत के बाद भी कांग्रेस वापसी कर ली, लेकिन 1989 के बाद उसका ग्राफ लगातार गिरता गया। भाजपा ने 1991 में पहली बार केंद्र में सरकार बनाई, फिर 1998-2004 तक शासन किया। लेकिन असली मोड़ 2014 और 2019 में आया। मोदी की लहर ने भाजपा को 303 सीटें दिलाईं। आज पार्टी के पास केंद्र और अधिकांश राज्यों में सरकारें हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 403 में से 273 सीटें जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। योगी सरकार ने मंदिर निर्माण को गति दी, जिससे अयोध्या भगवा नगरी बन गई।

इस स्थापना दिवस ने कार्यकताओं में नई उम्मीद जगाई। सड़कों पर भगवा जुलूस निकले, घर-घर में मीठाई बांटी गई। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर रहे थे। मोदी ने अंत में कहा कि आने वाले समय में भाजपा देश को विकसित भारत बनाएगी। 2047 तक भारत विश्व गुरु बनेगा। योगी ने प्रदेश कार्यकताओं से कहा कि 2027 के चुनाव में फिर से भाजपा की लहर आएगी। विपक्ष के घोटालों और वादाखिलाफी के खिलाफ जनता भाजपा को ही चुनेगी। इस तरह स्थापना दिवस सिर्फ इतिहास का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य का संकल्प बन गया। भाजपा का सफर संघर्षों से भरा रहा। 1984 में सिर्फ दो सीटों से शुरूआत हुई, लेकिन धैर्य और संगठन शक्ति ने इसे शिखर पर पहुंचाया। पुराने नेताओं जैसे कुशाभाऊ ठाकरे, मुरली मनोहर जोशी की मेहनत रंग लाई। आज मोदी-योगी की जोड़ी इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। देश का माहौल भगवामय होने से साफ है कि जनता भाजपा के साथ है। आने वाले चुनावों में यह जोश जीत का आधार बनेगा।

## पूर्वांचल युवा संघ पवई द्वारा युवा नेता डॉ. नितेश राजहंस सिँह का किया गया भव्य सत्कार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पूर्वांचल युवा संघ पवई की ओर से रविवार की शाम साकीनाका के तूंगा गांव में मुंबई महानगरपालिका में स्वीकृत नगरसेवक पद पर मनोनित युवा नेता डॉ नितेश सिंह का भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन राकांपा चांदीवली विधानसभा के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह की ओर से किया गया।इस दौरान उत्तर भारत का प्रमुख व्यंजन लिट्टी चोखा और लोकगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। लोकगायक सुरेश शुक्ला ने अपने मधुर गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से मुंबई भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री,श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी , मुंबई मनपा आरोग्य समिति के अध्यक्ष, नगरसेवक हरिश भांदिरगे, श्री रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष सुनील दुबे, मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे,आर.टी. आई कार्यकर्ता , अनिल गलगली जी,भाजपा नेता अखिलेश सिँह,उद्योगपति संजय सिँह,भाजपा नेता भूरा राम ,सुरेंद्र सिंह राकांपा चाँदीवली विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रादी कांग्रेस पार्टी, संस्थापक नीरज भारद्वाज अध्यक्ष विपिन पांडे, दुर्गेश सिँह,रवि चौरसिया, आदित्य पांडे, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए समारोह के आयोजक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि डॉक्टर नितेश राजहंस सिंह को स्वीकृत नगरसेवक बनाए जाने पर पूर्वांचल का गौरव बढ़ा है।

## मुंबई में निषादराज गुह्य जयंती के अवसर पर विशिष्ट समाजसेवियों का किया गया भव्य सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय निषाद सेवा संघ, मुंबई द्वारा संताक्रूज पूर्व में निषादराज जयंती एवं सम्मान समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को निषाद गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश साहनी (कवि एवं समाजसेवक), राजेश बाबू निषाद (प्रदेश उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय निषाद संघ उत्तर प्रदेश), कुंजू प्रसाद साहनी (अध्यक्ष, निषाद सेवा संघ बड़ौदा, गुजरात) तथा हरिओम निषाद (एमडी, एस.एन. रिफाइनरी ग्रुप, सूरत) सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाजसेवक महेंद्र निषाद, शम्भूलाल साहनी, राम अचल साहनी, अमरनाथ निषाद, गामा प्रसाद निषाद, गिरिराज साहनी, मेवालाल निषाद, धर्मवीर मल्लाह, प्रद्युम्न निषाद, वीरेंद्र प्रताप साहनी, छेदीलाल निषाद, समुझ साहनी और श्रीकांत निषाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार निषाद, उपाध्यक्ष जयप्रकाश, महासचिव मुखलाल, संयुक्त सचिव रामकिशन, उप सचिव दिनेश एवं लव किशोर, कोषाध्यक्ष गौतम, उप कोषाध्यक्ष रमेश, आंतरिक लेखा परीक्षक परशुराम, उप लेखा परीक्षक सचिन तथा कानूनी सलाहकार ब्रह्मदेव निषाद का विशेष योगदान रहा। समारोह के दौरान समाज की एकता, शिक्षा और विकास पर विशेष जोर दिया गया तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## भिवंडी में तेली साहू समाज का द्वारा माता की ज्योत कार्यक्रम में हजारों की सहभागिता से ऐतिहासिक आयोजन



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता के आशीर्वाद तथा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में, महाराष्ट्र युवा अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता के नेतृत्व में भिवंडी में माता की ज्योत का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहू समाज के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की और पूरा वातावरण भक्ति एवं उत्साह से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न समाजों के जनप्रतिनिधियो, नगरसेवकों से लेकर विधायकों तक ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे आयोजन की प्रतिष्ठा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता एवं उनके परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके लिए सभी ने उनकी सराहना की। ह्यमाता की ज्योतह्न के इस पावन अवसर पर भक्ति संगीत का विशेष आयोजन किया गया। भजन गायिका द्वारा प्रस्तुत माता रानी के भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम स्थल पर भक्तिमय माहौल छा गया और श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। इस अवसर पर मुंबई, गुजरात, नवी मुंबई, कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर एवं मीरा-भायंदर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए साहू समाज के सैकड़ों प्रतिष्ठित व्यक्तियों, जिनमें वकील, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे, जिनका राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों सम्मान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। प्रदेश कोषाध्यक्ष विशाल गुप्ता, अरुण गुप्ता, अशोक गुप्ता, सूरज गुप्ता, एडवोकेट नरेंद्र गुप्ता सहित संगठन के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने तन, मन और धन से सहयोग करते हुए इस आयोजन को भव्य और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सामान्य कार्यकर्ता से प्रदेश अध्यक्ष बनना यह सिर्फ बीजेपी में ही मुमकिन: रविंद्र चव्हाण

**डोंबिवली/नवी मुंबई।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 में हुई थी। पार्टी ने 46 वर्ष पूर्ण कर 47वें वर्ष में पदार्पण किया है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने लेख लिखकर अपने विचार प्रकट किए हैं। चव्हाण ने कहा कि सामान्य कार्यकर्ता से पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनना यह सिर्फ बीजेपी जैसे संगठन में ही मुमकिन है। उन्होंने अपने लेख में आगे लिखा है कि विचारधारा की गहरी जड़ों से मिट्टी में मजबूती से स्थापित और कार्यकर्ताओं के संघर्ष से खड़ा हुआ भारतीय जनता पार्टी का विशाल वटवृक्ष आज अपने 47वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 6 अप्रैल 1980 को बोया गया यह बीज आज लगभग 25 करोड़ से अधिक कार्यकर्ताओं के परिश्रम से पूरे देश में फैल चुका है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता, भाजयुमो का उपाध्यक्ष, नगरसेवक, विधायक, कैबिनेट मंत्री और अब प्रदेशाध्यक्ष के रूप में जब मैं पार्टी के इतिहास की ओर देखता हूं, तो मुझे यह महसूस होता है कि जैसे विचारधारा ने एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ा, उसी प्रकार असंख्य समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपने खून-पसीने से गुरुदक्षिणा के रूप में पार्टी को खड़ा किया है। जब नेहरू-गांधी की अल्पसंख्यक केंद्रित समाजवादी विचारधारा और साम्यवादी आंदोलन का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव था, तब 75 वर्ष पहले जनसंघ के माध्यम से बहुसंख्यक लेकिन शोषित समाज को केंद्र में रखने और धारा के विपरीत तैरने का साहस डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने दिखाया। उनकी दूरदर्शिता आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक दीपस्तंभ है।



भाजपा के इस सफर में कई बड़े नेताओं का योगदान रहा: भाजपा के इस सफर में अनेक महान नेताओं का योगदान रहा है। महाराष्ट्र में 1980 में उत्तमराव पाटील ने पहले प्रदेशाध्यक्ष के रूप में संगठन की नींव रखी। इसके बाद गोपीनाथ मुंडे ने पार्टी को गांव-गांव तक पहुंचाया और बहुजन व ओबीसी समाज को मुख्यधारा में लाकर अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाया। 1995 में कांग्रेस की सत्ता को हटाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रा. ना. स. फरांदे ने पार्टी को वैचारिक आधार दिया, वहीं सूर्यभान वहाडणे पाटील ने अनुशासित नेतृत्व से संगठन को मजबूत किया। भाऊसाहेब फुंडकर ने किसानों के लिए संघर्ष करते हुए पार्टी को खेत-खलिहान तक पहुंचाया।

नितिन गडकरी ने प्रमोद महाजन के निधन के बाद कार्यकताओं को संभाला और संगठन को मजबूती दी। सुधीर मुनगंटीवार ने जनसंपर्क का नया अध्याय शुरू किया। 2013 में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पार्टी ने बड़ी छलांग लगाई और प्रदेशाध्यक्ष से सीधे मुख्यमंत्री बनने का अनोखा रिकॉर्ड स्थापित हुआ।

इसके बाद रावसाहेब दानवे, चंद्रकांत पाटील और चंद्रशेखर बावनकुळे ने संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया।

जाति आधारित राजनीति करने वालों को भाजपा ने करारा जवाब दिया है: जिस भाजपा को कभी ह्यशेटजी-भटजीह्न की पार्टी कहकर आलोचना की जाती थी, उसी पार्टी ने 46 वर्षों में महाराष्ट्र में 11 प्रदेशाध्यक्ष बहुजन समाज से दिए, जो जाति आधारित राजनीति करने वालों के लिए करारा जवाब है। आज एक कार्यकर्ता के रूप में प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए मुझे गर्व है कि सामान्य कार्यकर्ता से प्रदेशाध्यक्ष तक पहुंचना केवल भाजपा में ही संभव है। स्थानीय निकाय चुनावों में मिली सफलता केवल आंकड़े नहीं, बल्कि जनता का विश्वास है।

भारतीयत्व ही राष्ट्रीयत्व का विचार जमीन तक पहुंचाया: भाजपा का संगठन केवल बैनर और सभाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता ही इसकी असली ताकत हैं।

## डोंबिवली पश्चिम में भी नया उप-पंजीयक(रजिस्ट्रेशन) कार्यालय होगा शुरू

### विधायक रवींद्र चव्हाण का प्रयास सफल

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** शहर के पश्चिम भाग में कई वर्षों से लंबित उप-पंजीयक (दुय्यम निबंधक) कार्यालय की मांग अब जल्द पूरी होने जा रही है। इस संबंध में महाराष्ट्र शासन के नोंदणी महानिरीक्षक एवं मुद्रांक नियंत्रक, पुणे द्वारा डोंबिवली पश्चिम में भी यह सुविधा शुरू करने की मंजूरी दे दी गई है।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम क्षेत्र में स्वतंत्र सुविधा शुरू करने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए थे। इस नई सुविधा से आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को होने वाली असुविधा दूर होगी और पूर्व क्षेत्र के कार्यालय पर पड़ने वाला दबाव भी कम होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह सुविधा पहले से उपलब्ध है, लेकिन तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते



हुए अब पश्चिम में भी यह कार्यालय शुरू किया जा रहा है। इससे वहां के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी राहत मिलेगी। महाराष्ट्र शासन के महसूल एवं वन विभाग ने 1 अप्रैल को इस संबंध में शासनादेश जारी किया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि डोंबिवली पश्चिम में यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग की कार्यासन अधिकारी प्राची पालव द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

# केडीएमसी की तीनों समितियों के सभापति पद के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की तीनों समितियों के सभापति पद के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए हैं। स्थायी समिति के सभापति पद पर शिंदे सेना के मल्लेश शेट्टी, महिला एवं बाल कल्याण समिति के सभापति पद पर शिंदे सेना की सारिका सतीश जाधव और शिक्षा समिति के सभापति पद पर भाजपा के अभिजीत थरवल निर्विरोध चुने गए हैं।

स्थायी समिति को महानगरपालिका की तिजोरी माना जाता है। इस तिजोरी की चाबियां अब शिंदे सेना के हाथ में आ गई हैं। वहीं भाजपा के हिस्से में केवल शिक्षा समिति आई है। महिला एवं बाल कल्याण समिति भी शिंदे सेना



के पास गई है। इन तीनों समितियों के सभापति पद के लिए प्रत्येक पद पर एक ही आवेदन प्राप्त होने के कारण तीनों का चुनाव निर्विरोध हुआ। इसकी आधिकारिक घोषणा आज की गई। स्थायी समिति के सभापति शेट्टी ने कहा कि सभी को विश्वास में लेकर समिति का कार्य संचालन किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों से चुनाव नहीं हुए थे। महानगरपालिका की आर्थिक स्थिति का अध्ययन कर ही निर्णय लिए जाएंगे। शिक्षा समिति के सभापति थरवल ने कहा कि महानगरपालिका के स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए कार्य किया जाएगा। महानगरपालिका के स्कूलों में आम लोगों के बच्चे पढ़ते हैं। उन विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पहली बार नगरसेवक चुने जाने के बाद भाजपा-शिंदे सेना गठबंधन ने मुझ पर विश्वास जताते हुए मुझे सभापति पद दिया है, इसके लिए मैं महायुति के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं। वहीं दूसरी बार नगरसेवक बनी सारिका जाधव ने महिला व बाल कल्याण समिति सभापति के रूप में चयन होने के बाद पार्टी हाईकमान का आभार प्रकट किया।

## गैस सिलेंडर की किल्लत के खिलाफ वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा सड़क पर चूल्हा जलाकर जताया विरोध प्रदर्शन

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब आम जनजीवन पर भी देखने को मिल रहा है। बढ़ती गैस और ईंधन की कमी के चलते देशभर में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की किल्लत महसूस की जा रही है। इसी के विरोध में वंचित बहुजन आघाड़ी द्वारा सोमवार को राज्यव्यापी आंदोलन किया गया। भिवंडी में शहराध्यक्ष मनीष देशमुख के नेतृत्व में धामणकर नाका पर कार्यकताओं ने सड़क पर चूल्हा जलाकर और भाकरी बनाते हुए गैस सिलेंडर की कमी के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गैस की कमी के कारण कई घरों के



चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। वहीं चाय की टपरियां और सड़क किनारे खाद्य स्टॉल बंद होने से छोटे व्यवसायियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। शादी समारोह, पारिवारिक व धार्मिक कार्यक्रम तथा केटरिंग सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं।

इसके अलावा शहरों में पढ़ाई करने आए कई छात्रों को खानावलों में गैस उपलब्ध न होने से भोजन नहीं मिल रहा है, जिसके चलते कई छात्र अपने गांव लौटने को मजबूर हो गए हैं। इस संबंध में वंचित बहुजन आघाड़ी के पदाधिकारियों ने उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गैस आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। आंदोलन में महिला आघाड़ी की शहराध्यक्ष छाया जाधव, महासचिव सुदाम अहिरे, सदानंद बनसोडे, अक्षय कांबले, एडवोकेट शिवकुमार पाठक, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# किआ सेल्टोस ने 5-स्टार भारत एनसीएपी रेटिंग हासिल की

**मुंबई।** भारत में गाड़ियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, किआ इंडिया ने आज घोषणा की है कि ऑल-न्यू किआ सेल्टोस ने भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के तहत 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग हासिल की है। बीएनसीएपी के तहत टेस्ट किए गए सभी आईसीई (पेट्रोल/डीजल) वाहनों में से, सेल्टोस ने 'एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन' में सबसे ऊँचा स्कोर पाया है। इसके साथ ही, बच्चों की सुरक्षा में भी इसने अब तक के बेहतरीन स्कोर्स में से एक दर्ज किया है, जिससे यह कुल मिलाकर सबसे अधिक स्कोर करने वाली आईसीई कार बनकर उभरी है।

यह उपलब्धि ऑटोमोटिव सुरक्षा में एक नया पैमाना तय करती है और भारत के आधिकारिक क्रैश टेस्ट प्रोग्राम के तहत सेल्टोस को आईसीई वाहनों की सुरक्षा के लिए एक 'रेफरेंस पॉइंट' (मिसाल) के रूप में स्थापित करती है।

यह प्रमाणन औपचारिक रूप से एक विशेष समारोह में किआ इंडिया को प्रदान किया गया, जहाँ माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, श्री नितिन गडकरी ने बीएनसीएपी सर्टिफिकेट सौंपा।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर किआ इंडिया के एमडी और सीईओ, श्री ग्वांगु ली ने कहा, सुरक्षा किआ की प्रोडक्ट फिलॉसफी का एक अटूट हिस्सा है, क्योंकि हम भारत के सबसे भरोसेमंद मोबिलिटी ब्रांड्स में से एक बनने की दिशा में अपना सफर जारी रखे हुए हैं। ऑल-न्यू किआ सेल्टोस का 5-स्टार रेटिंग पाना, और साथ ही बीएनसीएपी के तहत आईसीई वाहनों में अब तक का सबसे अधिक 'एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन' स्कोर और बच्चों की सुरक्षा में शानदार स्कोर हासिल करना, इसे कुल मिलाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला आईसीई वाहन बनाता है। यह हमारी इंजीनियरिंग क्षमताओं और हमारी सोच का एक ठोस प्रमाण है, जहाँ गाड़ी के ढांचे से लेकर उसकी आधुनिक सुरक्षा तकनीकों तक, हर पहलू को यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यही चीज इसे एक बेहतरीन फैमिली एसयूवी बनाती है। यह कामयाबी सुरक्षा का एक नया स्तर तय करती है और भारत में ग्राहकों को वैश्विक स्तर के सुरक्षा मानक प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

भारत एनसीएपी मूल्यांकन के दौरान, ऑल-न्यू किआ सेल्टोस ने अलग-अलग क्रैश स्थितियों में शानदार प्रदर्शन किया। इसने वयस्क सुरक्षा के लिए 31.70 अंक हासिल किए–जो अब तक टेस्ट किए गए सभी आईसीई वाहनों में सबसे अधिक है। साथ ही, बच्चों की सुरक्षा के लिए 45.00 अंक प्राप्त किए, जो अब तक के उच्चतम स्कोर्स में से एक है। इस तरह इसका कुल स्कोर 76.70 हो गया–जो बीएनसीएपी के तहत सभी आईसीई (पेट्रोल/डीजल) वाहनों में सबसे अधिक है और यात्रियों की संपूर्ण सुरक्षा पर किआ के फोकस को और मजबूत करता है।

यह परिणाम नए K3 प्लेटफॉर्म की इंजीनियरिंग मजबूती को साबित करता है, जो इस एसयूवी की बुनियाद है। बेहतर संरचनात्मक मजबूती और क्रैश के दौरान ऊर्जा को सही ढंग से संभालने के लिए डिजाइन किए गए इस प्लेटफॉर्म में 'हॉट-स्टैम्प्ड' पुर्जों और 'हाई-स्ट्रेंथ स्टील' का उपयोग किया गया है। यह टक्कर के दौरान लगने वाले झटके को प्रभावी ढंग से सोखने और उसे पूरी बॉडी में वितरित करने में मदद करता है ताकि यात्रियों को कम से कम चोट आए।

## केंद्र सरकार के खिलाफ वंचित बहुजन अघाड़ी का मोर्चा

### केंद्र सरकार की नीतियों से परेशान आम जनता : विशाल पावशे




**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** गैस की कमी को लेकर कल्याण में वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से केंद्र सरकार के विरोध में मोर्चा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कल्याण पश्चिम स्थित डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान से तहसीलदार कार्यालय तक मोर्चा निकाला गया और कल्याण के तहसीलदार विकास गरुडकर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान वंचित बहुजन आघाड़ी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वंचित बहुजन आघाड़ी के कल्याण जिलाध्यक्ष विशाल पावशे ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां सही न होने से आम नागरिकों को गैस संकट का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इस विषय पर सरकार को उचित योजना बनानी चाहिए। कई होटल व्यवसायियों को भी इसका बड़ा नुकसान हो रहा है। नागरिकों को गैस ब्लैक में खरीदी करना पड़ रहा है । आम लोगों को हो रही परेशानियों को दूर करने के लिए सरकार को तुरंत उचित कदम उठाने चाहिए, ऐसी मांग विशाल पावशे ने की। इस मोर्चे में बड़ी संख्या में वंचित बहुजन आघाडी के कार्यकर्ता शामिल थे।

## चिन्मया विद्यालय बोईसर के प्राचार्य पद पर डिंपल मिस्त्री की हुई नियुक्ति

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित चिन्मया विद्यालय के प्राचार्य पद पर डिंपल मिस्त्री की नियुक्ति की गई है। उनकी इस नियुक्ति से शिक्षा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा इस नई जिम्मेदारी पर विद्यालय परिवार और बोईसर क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी व्यक्त की है।



वहीं डिंपल मिस्त्री के शिक्षा जगत में लंबे अनुभव और समर्पण को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में विद्यालय उच्च मानकों की शिक्षा प्रदान करेगा। उनका कुशल मार्गदर्शन विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुंचायेगा और शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर के प्रेसिडेंट राम नारायण गोयल, पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. पराग कुलकर्णी ने श्रीमती मिस्त्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना भी की। वहीं चिन्मया शिक्षण संस्थान के चेयरमैन टी बी ठाकुर एवं सेक्रेटरी डॉ. शिवशंकर ने भी श्रीमती मिस्त्री बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य कामनाएं की हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से भी श्रीमती मिस्त्री को प्राचार्य पद पर नियुक्त किये जाने पर शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

## ट्रूकॉलर के 500 मिलियन यूजर्स पार

**मुंबई।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आज घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है, और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है। इसकी वजह है यह है कि, आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स, स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की जरूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरूआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई।



नीम करौली बाबा

**उत्तरशक्ति**

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय :**
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# बिना बिजली सप्लाई के 55,810 का बिल

**शुभम कुमार यादव**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के बक्शा थाना क्षेत्र अंतर्गत करंजकला ब्लॉक से विद्युत विभाग की लापरवाही का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को बिना बिजली आपूर्ति के ही रु.55,810 का भारी-भरकम बिल थमा दिया गया, जिससे पीड़ित परिवार चिंता में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभयचंद्रपट्टी निवासी रेखा देवी पत्नी लाल साहब यादव के नाम करीब 8-9 वर्ष पूर्व विधिवत बिजली कनेक्शन स्वीकृत हुआ था और उनके घर पर मीटर भी लगा दिया गया था। आरोप है कि इसके बावजूद आज तक उनके घर में बिजली की आपूर्ति शुरू नहीं की गई, जिससे परिवार वर्षों से अंधेरे में जीवन यापन कर रहा है।



चौंकाने वाली बात यह है कि हाल ही में विभाग की ओर से उनके नाम रु.55,810 का बिल जारी कर दिया गया। बिल की जानकारी मिलते ही पीड़िता स्तब्ध रह गईं। उनका कहना है कि जब उन्होंने कभी बिजली का उपयोग ही नहीं किया,

**पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार**

तो इतना बड़ा बिल कैसे बन गया।

इस मामले को लेकर पीड़िता ने उपखंड अधिकारी, विद्युत वितरण, जौनपुर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके घर में कभी बिजली आपूर्ति नहीं हुई और मीटर होने के बावजूद उपयोग शून्य रहा है। इसके बावजूद बिल जारी किया जाना पूरी तरह गलत है।

पीड़िता ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, गलत बिल को तत्काल निरस्त किया जाए और उनके घर पर जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह विभागीय लापरवाही का गंभीर उदाहरण है और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आम उपभोक्ताओं का भरोसा उठ जाएगा। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सभी की नजरें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना होगा कि पीड़िता को कब तक न्याय मिल पाता है।

# पुराने विवाद ने लिया खतरनाक मोड़, युवक का अपहरण कर बेरहमी से की पिटाई

## पुलिस की तत्परता से 24 घंटे में सभी आरोपी गिरफ्तार, युवक सुरक्षित बरामद

मीरगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बरसठी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली में पुराने विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने एक युवक का अपहरण कर उसकी बेरहमी से पिटाई की और मरणासन्न हालत में भट्ठे के पास फेंककर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।




जानकारी के अनुसार, तीन दिन पहले गांव के आर्यन और सौरभ गौतम के बीच विवाद हुआ था। इसी रंजिश के चलते शनिवार को स्कूल में सूरज गौतम और गौरव के बीच कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे गंभीर विवाद में बदल गई।

आरोप है कि शाम के समय सूरज गौतम अपने साथियों के साथ गौरव के घर पहुंचा और घर में घुसकर उसकी जमकर पिटाई की। बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा। इसके बाद आरोपियों ने गौरव को जबरन बाइक पर बैठाकर अपहरण कर लिया और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बरसठी पुलिस हरकत में आ गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने महज कुछ घंटों के भीतर अपहृत युवक को बरामद कर लिया। आरोपी युवक को कांटी क्षेत्र के एक भट्टे के पास फेंककर फरार हो गए थे।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में कुछ के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।

घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से जहां एक बड़ी घटना टल गई, वहीं क्षेत्रीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

# स्थापना दिवस पर नेताओं ने संगठन की विचारधारा और सेवा भावना को बताया प्रेरणास्रोत

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को जिला कार्यालय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया गया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक दल का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, विचारधारा और समर्पण की यात्रा का प्रतीक है।




उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना वर्ष 1980 में हुई, लेकिन इसकी जड़ें भारतीय जनसंघ की राष्ट्रवादी विचारधारा में गहराई तक समाई हुई हैं। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को पार्टी की पहचान बताते हुए कहा कि भाजपा ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का कार्य किया है।

प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि आज हमें उन महान विभूतियों को स्मरण करना चाहिए, जिनके त्याग और तपस्या से संगठन इस मुकाम तक पहुँचा है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को और मजबूत बनाने के

**भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर जौनपुर में हुई संगोष्ठी**

लिए एकजुट होकर कार्य करें।

विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रींसू' ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत बनाते हैं। वहीं पूर्व सांसद के.पी. सिंह ने कहा कि सभी को मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लेना चाहिए।

अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि यह दिन राष्ट्रभक्ति, त्याग, समर्पण और सेवा की परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास संघर्ष और सिद्धांतों पर आधारित है तथा जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने में जुटा हुआ है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय सिंह ने किया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदिवासियों का ओबरा तहसील पर प्रदर्शन

**सुशील कुमार तिवारी**

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। ओबरा तहसील क्षेत्र के आदिवासियों ने शनिवार को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश युवा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम के नेतृत्व में किया गया।

प्रदर्शन के दौरान आदिवासियों ने तहसील प्रशासन को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए वन विभाग और पुलिस पर लगातार उत्पीड़न का आरोप लगाया। उनका कहना है कि वे बडेरा, हर्रा, निगाई और सलैयाडीह गांवों में वर्षों से अपने पूर्वजों के समय से रह रहे हैं और संबंधित जमीन पर खेती-बाड़ी करते आ रहे हैं।

आदिवासियों का आरोप है कि इसके बावजूद वन विभाग और कोन थाना पुलिस द्वारा उन्हें आए दिन परेशान किया जाता है। इतना ही नहीं, उनके मकानों को भी गिरा दिया

**◆ वन विभाग व पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप**

गया है और फसलों की कटाई करने से रोका जा रहा है, जिससे उनके



सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उन्हें उनकी जमीन का पट्टा दिया जाए और खतौनी में उनका नाम दर्ज किया जाए, ताकि उन्हें स्थायी अधिकार मिल सके।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार अंजनी गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्षेत्रीय वनाधिकारी और कोन इंस्पेक्टर को पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

प्रदर्शन में नगेंदर, मुन्नी, राम दयाल, शिवकुमार, फुलदेवी, प्रभावती, उर्मिला, रामेश्वर, फुलबसिया, रमुनिया देवी और ललिता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिक्षा का दीप जलाकर बदली हजारों जिंदगियां, 27 वर्षों से जारी है मिशन

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जहां एक ओर आज के समय में शिक्षा का क्षेत्र तेजी से व्यवसाय का रूप लेता जा रहा है, वहीं जौनपुर जनपद के शाहगंज क्षेत्र के निकट खेतासराय स्थित मॉर्डन कॉन्वेंट स्कूल एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरा है। इस संस्थान के प्रबंधक एवं समाजसेवी डॉ. आबिद खान पिछले 27 वर्षों से निस्वार्थ भाव से शिक्षा की अलख जगा रहे हैं और हजारों जरूरतमंद बच्चों के जीवन को नई दिशा दे चुके हैं।

साल 1999 में एक छोटे से प्रयास के रूप में शुरू हुआ यह मिशन आज क्षेत्र में शिक्षा का मजबूत केंद्र बन चुका है। उस समय ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता काफी कम थी, लेकिन डॉ.आबिद खान ने इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हुए लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का अभियान शुरू किया।

**गरीबों के लिए बना वरदान:** डॉ.आबिद खान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि



उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया। विद्यालय द्वारा इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाता है। आर्थिक अभाव के कारण पढ़ाई से दूर रहने वाले बच्चों के लिए यह स्कूल किसी वरदान से कम नहीं है।

यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके कई छात्र आज

> उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के उप संपादक डॉ.इम्तियाज अहमद से बातचीत में डॉ.आबिद खान ने बताया कि उनके विद्यालय से पढ़े छात्र-छात्राएं आज स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और न्यायपालिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं।

डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक और अधिवक्ता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

**समाज की सोच में बदलाव:** ग्रामीण परिवेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना आसान नहीं था, लेकिन डॉ. आबिद खान ने अपने समर्पण और दृढ़ संकल्प से इसे संभव कर दिखाया। उन्होंने केवल एक विद्यालय की स्थापना नहीं की, बल्कि समाज की सोच को बदलने का भी कार्य किया है।

**प्रेरणा का स्रोत:** जहां एक तरफ शिक्षा को व्यवसाय बना दिया गया है, वहीं दूसरी ओर डॉ. आबिद खान जैसे समाजसेवी आज भी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी गरीब या अनाथ बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जिन बच्चों के माता-पिता इस दुनिया में नहीं हैं, उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी भी उन्होंने अपने कंधों पर उठाई है और उन्हें निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। डॉ.आबिद खान का जीवन यह संदेश देता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और नीयत नेक हो, तो सीमित संसाधनों में भी बड़ा परिवर्तन संभव है। उनका यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है और शिक्षा के माध्यम से सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# निषाद समाज के अधिकारों पर सियासत तेज, सपा नेता का भाजपा पर हमला

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कटघरा स्थित पीडीए भवन में निषादराज जयंती एवं महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिंद, निषाद, केवट और मल्लाह समाज के अधिकारों की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। उन्होंने इन समुदायों से एकजुट होकर अपने हक के लिए आगे आने का आह्वान किया।

**ऐतिहासिक विरासत का किया उल्लेख:** अपने संबोधन में उन्होंने निषादराज गुह और महर्षि कश्यप की ऐतिहासिक व धार्मिक महत्ता का जिक्र करते हुए कहा कि इन समाजों का योगदान भारतीय इतिहास और संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन वर्तमान समय में इन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।



**सपा सरकार के कार्यों का किया उल्लेख:** उन्होंने कहा कि पूर्व में समाजवादी पार्टी की सरकारों ने मछली पालन और तालाबों के पट्टों में निषाद समाज को प्राथमिकता देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम किया।

**भाजपा सरकार पर आरोप:** सपा नेता ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने इन समाजों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा देने की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाया, जिससे इनके विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय के खिलाफ बताया।

**पीडीए एकता पर जोर:** उन्होंने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि एकता के बल पर ही राजनीतिक बदलाव संभव है। साथ ही आगामी 2027 के चुनाव को निर्णायक बताते हुए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

**बड़ी संख्या में जुटे लोग:** कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखी गई, जिससे क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर बढ़ती राजनीतिक सक्रियता का संकेत मिला।

# अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता में पाया द्वितीय स्थान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने



राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की।

शिविर से वापसी के उपरांत कुलपति कार्यालय में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने सभी प्रतिभागी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविरों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। कुलपति ने सभी स्वयंसेवकों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के जिन स्वयंसेवकों का चयन इस शिविर में प्रतिभाग हेतु हुआ था, उनमें प्रियांशी मौर्य, ज्योति यादव, अंशुमान शाह एवं अभिनव कीर्ति पाण्डेय शामिल रहे। इस शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।शिविर के दौरान आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विश्वविद्यालय बल्कि उत्तर प्रदेश का भी मान बढ़ा है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. शशिकांत यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को लेकर मंडल आयुक्त ने की समीक्षा, अर्ह मतदाताओं को जोड़ने पर जोर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए मंडल आयुक्त वाराणसी श्री एस. राजलिंगम ने जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र की उपस्थिति में जलालपुर स्थित बयालसी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 371-जफराबाद अंतर्गत



बूथ संख्या 293 एवं 294 का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आगामी 10 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित निर्वाचक नामावली के अनंतिम प्रकाशन को लेकर प्रारूप 1 से 8 तक के अभिलेखों की गहन जांच की गई। मंडल आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी अर्ह मतदाता सूची से छूटने न पाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानंद झा, ईआरओ जफराबाद अजय उपाध्याय, ईआरओ केराकत शैलेंद्र कुमार, एईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जौनपुर पुलिस का जागरूकता अभियान जारी, महिला व साइबर सुरक्षा पर फोकस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत जौनपुर पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और ग्राम सभाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा, महिला उत्पीड़न से जुड़े कानूनों और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।



**साइबर अपराध से बचाव पर विशेष जोर:** पुलिस द्वारा बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग फ्रॉड और OTP साझा न करने के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

**हेल्पलाइन नंबरों की दी जा रही जानकारी:** अभियान के दौरान पुलिस द्वारा आमजन को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके।

**सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील:** जौनपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूक रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# पैथान प्रोग्रामिंग और एआई पर दी गई विस्तार से जानकारी

## सीटीपीसी सेल की ओर से किया गया कार्यशाला का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सिफेर वेब प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से संपन्न हुई।

कार्यशाला में बी.टेक और बीसीए के प्रथम वर्ष से प्री-फाइनल वर्ष तक के छात्रों को पैथान प्रोग्रामिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें छात्रों को बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक के कॉन्सेप्ट समझाए गए, जिससे उनकी तकनीकी समझ मजबूत हो सके।

इसके अलावा, फाइनल ईयर के छात्रों के लिए ह्लकैंपस टू कॉरपोरेट झ्रकैरियर गाइडेंसह्न विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में छात्रों को इंडस्ट्री की अपेक्षाओं, इंटरव्यू



तैयारी, स्किल डेवलपमेंट और कॉरपोरेट वर्ल्ड में सफल होने के तरीके बताए गए।

इस कार्यशाला में कंपनी की ओर से आए डॉ. इरफान खान, इंजी. सादीया अंजुम एवं इंजी. अवनीश कुमार ने प्रेरक व्याख्यान दिए।

कार्यशाला निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रो. प्रदीप कुमार ने छात्रों को बताया कि आज के समय में पैथान और नई तकनीकों का ज्ञान करियर निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को उद्योग के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

# कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणरत आरक्षियों से किया संवाद, दिए अहम निर्देश

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस आरक्षियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण से जुड़े अनुभवों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आरक्षियों की दैनिक दिनचर्या, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस बल प्रशासन की रीढ़ होता है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे पुलिसकर्मी के लिए शारीरिक दक्षता के साथ-साथ मानसिक संतुलन, धैर्य और संवेदनशीलता भी आवश्यक गुण हैं। उन्होंने विशेष रूप से आमजन के साथ विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका त्वरित समाधान करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभवों को व्यवहारिक जीवन में लागू करना ही वास्तविक सफलता है। उन्होंने सभी आरक्षियों को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अपने कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## वसई में भाजपा का 46वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया



**वसई रोड।** वसई (वेस्ट) स्थित विधायक पब्लिक रिलेशन ऑफिस में भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनंत सामंत ने पार्टी का ध्वज फहराकर समारोह की शुरूआत की। वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित सहित कई कॉर्पोरेटर, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के 46 वर्षों के समर्पण, संघर्ष और देश सेवा के सफर पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी लोगों ने ह्लनेशन फर्स्टह्व की विचारधारा को आगे बढ़ाने और जनसेवा के प्रति निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। पूरा आयोजन देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से भरपूर माहौल में संपन्न हुआ।

## विधायक राजेंद्र नाईक ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से की मुलाकात



**नालासोपारा।** नालासोपारा के विधायक राजन नाईक ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से हाल ही में शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में उनके साथ मनोज बारोट और महेंद्र पाटील भी उपस्थित रहे। केरल विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में हुई इस बैठक को राजन नाईक ने अपने राजनीतिक जीवन का एक प्रेरणादायक क्षण बताया। नड्डा ने संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और जमीनी स्तर पर संवाद बढ़ाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं और सभी से विकास, विश्वास और पारदर्शिता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने केरल के राजनीतिक परिदृश्य, आगामी चुनावी चुनौतियों और संभावनाओं पर भी मार्गदर्शन दिया। राजन नाईक ने इस मुलाकात को अपने लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि नड्डा के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से उन्हें भविष्य में और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने राष्ट्र पहले, पार्टी दूसरे और स्वयं सबसे अंत में की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## हनुमान जयंती पर शोभा यात्रा सपन्न



**वसई रोड।** वसई में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य हनुमान जी शोभायात्रा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा के दौरान भगवान हनुमान की आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन, ढोल-ताशों की गूंज और जयकारों से पूरा वसई क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर वसई की विधायक स्नेहा दुबे पंडित ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवान हनुमान के दर्शन किए। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति, परंपरा और सामूहिक शक्ति का प्रतीक हैं। यह न केवल हमारी आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, शक्ति, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक संदेश देने वाला पर्व है। इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना और मजबूत होती है। कुल मिलाकर, यह शोभायात्रा वसई में धार्मिक उत्साह, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आई।

## समाजवादी कुटिया का 6वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, बड़े शैक्षणिक संस्थान का लिया गया संकल्प



**जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** जनपद के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित समाजवादी कुटिया का 6वां स्थापना दिवस बच्चों, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कुटिया के संस्थापक/संचालक ऋषि यादव एडवोकेट ने ह्यधरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव मेमोरियल इंटरनेशनल एकेडमी एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना का संकल्प लिया, जिसका उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऋषि यादव ने बताया कि उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से प्रेरित होकर कोरोना काल के दौरान ह्यसमाजवादी कुटिया की शुरूआत की थी, जो आज भी निरंतर सेवा कार्य में जुटी है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम साबित होगा और इसमें सभी के सहयोग से इसे साकार किया जाएगा। मल्हनी विधायक लकी यादव ने कहा कि यह संकल्प न सिर्फ जौनपुर बल्कि पूरे पूर्वांचल के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देगा। वहीं लालगंज विधायक बेचई सरोज ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान जौनपुर का नाम पूरे प्रदेश और देश में रोशन करेगा। समाजवादी पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि ह्यसमाजवादी कुटिया कोरोना काल से ही जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ ड्रेस, किताबें, कॉपी और पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही है। कुटिया में पढ़ने वाले बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों की भी सीख मिलती है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, डा. अवधनाथ पाल, श्याम नारायण बिन्द, चन्द्रजीत यादव, महावीर यादव, रमापति जी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आगंतुकों का स्वागत शिक्षक उमाशंकर जी व श्रीचन्द जी ने किया, जबकि अंत में ऋषि यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

**होनहार छात्रा अंशिका को मिली साइकिल**

कार्यक्रम के दौरान कुटिया की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका विश्वकर्मा को साइकिल भेंट की गई। साइकिल पाकर छात्रा के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

## स्वास्थ्य ही जीवन की सही संपति है : डॉ .स्नेहिल



**मुंबई।** जीवन आनंद स्नेह संस्था, मालाड पूर्व, द्वारा जीडी खेतान सभागार मालाड पश्चिम में हृदय रोग व दंत रोग के लक्षण और उपचार पर व्याख्यानमाला और हास्य हंगामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहिल मिश्रा (हिंदुजा अस्पताल )ने हृदय रोग के प्रारंभिक लक्षण और आज के भागमभाग जीवनशैली में हमे किस तरह अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर ध्यान देने की आवश्यकता पर श्रोताओं को जागरुक किया। डॉ प्रियंका अग्रवाल ने दंत रोग,उपचार और इंप्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम मुंबई के सांसद रवींद्र वायकर ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। मुंबई में एम्स हॉस्पिटल, रेलमार्ग, जलमार्ग, प्रदूषण नियंत्रण के विषय को संसद में उठाने और हल कराने का आश्वासन दिया।

प्रख्यात हास्य व्यंग्य कवि सुरेश मिश्र ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया ।हंसाते-हंसाते बेटी के नाम खत कविता सुनाकर श्रोताओं को भावुक भी कर दिया।

इस अवसर पर पत्रकार अभय मिश्र,अखिलेश तिवारी और सर्जन डॉ महिमा अग्रवाल का रवींद्र वायकर द्वारा विशेष सम्मान किया गया ।संस्था के अध्यक्ष डॉ एन एन पांडे ने अतिथियों का स्वागत परिचय और संस्था के कार्य के बारे में जानकारी दी।

समारोहअध्यक्ष डॉ श्याम अग्रवाल ने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व पर बल दिया। अतिरिक्त आयकर आयुक्त प्रवीण सालुंखे ने भी अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के अंत मे संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष विजय शुक्ला ने सभी अतिथियों, श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए संस्था द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य के विषयों पर व्याख्यान और हास्य सम्मेलन हर साल कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार आनंद सिंह ने किया।

## भाजपा स्थापना दिवस पर स्वच्छता अभियान का आयोजन




**पालघर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर दहानू बीच पर एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अभियान में डॉ सावरा, जो पालघर लोकसभा क्षेत्र के खासदार हैं, तथा जिला अध्यक्ष भरतभाई राजपूत सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर दहानू बीच की सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। स्वच्छ भारत, सुंदर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कार्यकताओं ने दिखाया कि जनभागीदारी ही ऐसे अभियानों की सबसे बड़ी ताकत है। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि समाज को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का एक प्रभावी प्रयास भी साबित हुआ।

## अंबरनाथ में रॉयल राजपूत परिवार का भव्य स्नेह मिलन, परंपरा और एकता का संदेश



**अंबरनाथ(उत्तरशक्ति)।** अंबरनाथ (पूर्व) एम.आई.डी.सी. स्थित नक्षत्र होटल में रॉयल राजपूत परिवार द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह गरिमामय और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजपूत समाज के स्वर्णिम इतिहास और गौरवशाली परंपराओं को वर्तमान समय में जीवंत रखते हुए, शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता को सशक्त करना रहा। समारोह में उपस्थित प्रमुख अतिथियों–मदान्तक सिंह, शारदानंद सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह, रंजीत सिंह (बबलू), दिलीप सिंह, –ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में समाज में बिखराव की स्थिति चिंताजनक है। ऐसे में आवश्यक है कि राजपूत समाज अपनी परंपराओं और मूल्यों को संजोते हुए एकजुटता के साथ आगे बढ़े। उन्होंने समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को सहयोग देने, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा सामूहिक निधि बनाकर समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर दूर-दराज से आए सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को कई गुना बढ़ा दिया। आयोजकों ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को और भी यादगार बनाने में मशहूर गायक संजय तिवारी सफल और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अपने मधुर संगीत से समां बांध दिया और उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रॉयल राजपूत परिवार के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव कुबेरनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान एवं संयोजक रणभूषण सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज की वास्तविक ताकत उसकी एकता, भाईचारा और संस्कारों में निहित है। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, स्वाभिमान और पारिवारिक जुड़ाव का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा। अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इसी प्रकार संगठित रहकर समाज की पहचान, सम्मान और परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## निषाद राजआदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि : बाबू सिंह कुशवाहा



निषाद राज मित्रता के अनुपम उदाहरण : डॉ. रागिनी सोनकर

**जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** भगवान निषाद राज की जयंती के अवसर पर जनपद मुख्यालय के कचहरी चौराहा से रविवार की शाम भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा एवं मछलीशहर की सपा विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने पहुंचकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया और सभी को शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में शामिल लोग जय भगवान निषाद राज के जयघोष के साथ पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि भगवान निषाद राज सामाजिक समरसता, त्याग और मित्रता के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में एकता और भाईचारा स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों को जयंती की बधाई देते हुए ऐसे आयोजनों को समाज को जोड़ने वाला बताया। मछलीशहर की सपा विधायक डॉ रागिनी सोनकर ने कहा कि भगवान निषाद राज की जयंती केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सामाजिक जागरूकता और अपने गौरवशाली इतिहास को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि निषाद समाज का योगदान सदैव महत्वपूर्ण रहा है और ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। निषाद राज मित्रता के अनुपम उदाहरण हैं। सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि भगवान निषाद राज के आदर्श समाज को एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

## भाजपा कार्यालय पर श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** विक्रोली पार्कसाईट स्थित 387 लास्ट बस स्टॉप के पास दीपक सेवा संघ भाजपा कार्यालय में उत्तर-पूर्व मुंबई भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल निर्मले के आयोजकता एवं संयोजन में श्री सेवा प्रतिष्ठान की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री सत्यनारायण भगवान की महापूजा, सुंदरकांड पाठ, हनुमान स्तुति, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र की गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। सभी ने हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर मुंबई महापौर रितू तावड़े, पार्षद प्रवीण भाई छेड़ा एवं नगर निगम उत्तरी मंडल वार्ड समिति अध्यक्ष अश्विनी मते विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनिल निर्मले एवं संतोष गांजले सहित भाजपा कार्यकताओं ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष संतोष गांजले, वार्ड अध्यक्ष महेश गुप्ता, श्री सेवा प्रतिष्ठान अध्यक्ष वकील यादव, नितिन भाई,संदीप सिंह, शिवम मिश्रा, दत्ता सोनावणे, जय सावंत, शंकर मांडये, उमेश कोठावड़े, बबीता चौहान, सुधीर ढकोलिया, हेमा, अप्पा पलांडे, पंकज पांडेय, जयप्रकाश मिश्रा सहित अनेक कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## पश्चिम बंगाल में परिवर्तन तय, भाजपा की सरकार बनेगी: वैभव शुक्ला

**-प्रणित नरेंद्र तिवारी**



**इंदौर (उत्तरशक्ति)।** इंदौर के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वैभव शुक्ला ने कहा है कि ममता बनर्जी के शासन में पश्चिम बंगाल में अराजकता का आलम है। लोग इस शासन से तंग आ चुके हैं। लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। लोगों को विश्वास है कि जब भाजपा की सत्ता आएगी तो राज्य में विकास की रफ्तार तेज होगी और अवैध घुसपैठ पर अंकुश लगेगा। करीब करीब सभी पांचों राज्यों में भाजपा अपना परचम लहराएगी।

वैभव शुक्ला का कहना है कि मोदी जी के ही नेतृत्व में भारत महाशक्ति बनेगा इसलिए सभी लोगों को मोदी जी और भाजपा का समर्थन करना चाहिए। उधर भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 111 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। पूर्व केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक को माथाभांगा विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व राज्यसभा सांसद रूपा गांगुली को सोनारपुर दक्षिण से टिकट दिया गया है। पूर्व हॉकी खिलाड़ी भारत छेत्री को कालिम्पोंग विधानसभा सीट से तथा नोमन राय को दार्जिलिंग से मैदान में उतारा गया है। विधानसभा के लिए मतदान 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में होगा। मतगणना 4 मई को की जाएगी। भाजपा ने नोआपारा से अर्जुन सिंह को और पूर्वी मेदिनीपूर में एग्रा से दिब्येंदू अधिकारी को टिकट दिया है। भाजपा प्रवक्ता देवजीत सरकार ने बताया कि अबतक दो सौ 56 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा चुकी है। इससे पहले भाजपा ने 144 उम्मीदवारों की सूची जारी की हैं।

## रत्ना शुगर मिल पर ईडी का कब्जा, संपत्ति जब्ती का बोर्ड लगा; किसानों-मजदूरों में जगी उम्मीद




**शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** जनपद की ऐतिहासिक औद्योगिक इकाई रत्ना शुगर मिल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संपत्ति जब्ती का बोर्ड लगा दिया है। यह कार्रवाई 31 मार्च 2026 के आदेश के क्रम में की गई है, जिसमें संबंधित संपत्ति पर अतिक्रमण और अंतरण पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि मिल से जुड़ी संपत्ति के मालिक को अदालत द्वारा भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है। इसके बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत ईडी द्वारा कार्रवाई करते हुए लखनऊ स्थित उपनिदेशक कार्यालय के निर्देश पर यह बोर्ड लगाया गया। 2009 में हुई थी बिक्री, उठे थे सवाल गौरतलब है कि रत्ना शुगर मिल, जो कभी क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाई थी, वर्ष 2009 में तत्कालीन बसपा सरकार के दौरान बेहद कम कीमत पर बेच दी गई थी। इस मिल के बंद होने से हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए और गन्ना किसानों की आय का प्रमुख स्रोत भी समाप्त हो गया। ऐतिहासिक रही मिल की पृष्ठभूमि

इस चीनी मिल की स्थापना वर्ष 1933 में वाराणसी के दो व्यवसायी बंधुओं द्वारा की गई थी। बाद में आर्थिक कारणों से यह मिल बंद हो गई, जिसे 1989 में सरकार ने अधिग्रहित कर पुनः संचालित किया। हालांकि वर्ष 2001 में यह फिर बंद हो गई और 2009 में इसे निजी हाथों में सौंप दिया गया। करोड़ों की संपत्ति पर कार्रवाई सूत्रों के अनुसार, यह मिल बाद में एक बड़े कारोबारी और पूर्व बसपा एमएलसी को बेच दी गई थी। ईडी ने उन्हें भगोड़ा घोषित करते हुए न सिर्फ इस मिल, बल्कि देवरिया जिले की बैतालपुर और भटनी चीनी मिलों को भी जब्त कर लिया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 1000 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। किसानों और मजदूरों को फिर जगी आस ईडी की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के गन्ना किसानों और मजदूरों में एक बार फिर उम्मीद जगी है कि भविष्य में मिल का संचालन शुरू हो सकता है, जिससे रोजगार और आय के नए अवसर पैदा होंगे।

## मजदूरी विवाद में टाइल्स मिस्त्री ने की हवाई फायरिंग, बाल-बाल बचे गृहस्वामी

**रियाजुल हक**

**जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के देवकली गांव में मजदूरी के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां टाइल्स लगाने को लेकर हुए विवाद में एक मिस्त्री ने हवाई फायरिंग कर दी। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, देवकली निवासी उदय प्रताप यादव अपने घर में टाइल्स का काम करवा रहे थे। इसी दौरान चार दिन पहले मजदूरी को लेकर मिस्त्री से विवाद हुआ था। सोमवार दोपहर एक बार फिर टाइल्स के रेट को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते बढ़ गई। आरोप है कि विवाद के दौरान टाइल्स मिस्त्री ने ताबड़तोड़ करीब छह राउंड हवाई फायरिंग कर दी। इस दौरान उदय प्रताप यादव बाल-बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। आरोपी की तलाश जारी है।

## मारपीट के मामले में चार लोगों का शांति भंग में चालान

विशाल सोनी

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति )। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मड़वा मोहिद्दीनपुर गांव में सोमवार को भू-विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में सौरभ गौतम पुत्र जगदीश प्रसाद, विवेक कुमार पुत्र मिठाई लाल, अंकित कुमार पुत्र छद्दू लाल तथा सचिन कुमार पुत्र विनोद कुमार शामिल हैं।

कोतवाली निरीक्षक तेज बहादुर सिंह व उपनिरीक्षक लाल मोहर ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए सभी आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।






## पीएनबी मैराथन थीम सोल्जरथॉन 2026 ने फिट इंडिया मूवमेंट

मुंबई। देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने 'पीएनबी सोल्जरथॉन 2026' के प्रति देशव्यापी जबरदस्त उत्साह देखा, जिसमें विभिन्न रनिंग कम्युनिटीज, सेना के समूहों और फिटनेस प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भारत के सबसे बड़े रनिंग इवेंट्स में से एक के रूप में उभरते हुए, यह मैराथन देश की बढ़ती फिटनेस संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। भारतीय सशस्त्र बलों के सहयोग से रन विद सोल्जर्स-रन फॉर सोल्जर्स थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 27,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए जिनमें सैनिक, एथलीट, फिटनेस उत्साही, पीएनबी कर्मचारी और समाज के हर वर्ग के नागरिक शामिल थे। 1500 से अधिक वालंटियर्स की सक्रिय भागीदारी के साथ, इस आयोजन ने भारत के गौरव और जुनून को एक साझा मंच पर एकजुट कर दिया। इस मैराथन का फ्लैग ऑफ नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुख्य अतिथियों मिजोरम के माननीय राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एडीसी; एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम, नौसेना प्रमुख, डीएफएस सचिव, एम. नागराजू, आईएएस, पीएनबी एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र और पीएनबी के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों ने पीएनबी के सतत प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि सोल्जरथॉन जैसी पहल राष्ट्रीय चेतना के निर्माण, फिटनेस की संस्कृति को प्रोत्साहित करने और नागरिक-सैन्य संबंधों को गहरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। पीएनबी की इस पहल की सराहना करते हुए, मिजोरम के माननीय राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एडीसी ने कहा, सोल्जरथॉन और फिटिस्तान के सहयोग से पीएनबी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम जबरदस्त सफल रहा है, जिसमें 27,000 से अधिक प्रतिभागियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इतने बड़े पैमाने पर इस पहल को क्रियान्वित करने के लिए पीएनबी वास्तव में श्रेय का पात्र है। एक प्रमुख बैंक को सक्रिय रूप से खेल और फिटनेस को बढ़ावा देते देखना उत्साहजनक है, जो व्यापक जनता को स्वास्थ्य, अनुशासन और सामुदायिक जुड़ाव के बारे में एक मजबूत और सकारात्मक संदेश दे रहा है।

# संघर्ष से शिखर तकः भाजपा स्थापना दिवस पर गूंजा राष्ट्रवाद का स्वर वंदे मातरम

### झाड़ू हाथ में, संगठन मैदान में : स्थापना दिवस भाजपा का स्वच्छता संग्राम
### कार्यालयों में दिखा उत्सव और अनुशासन का संगम, काशी क्षेत्र के 16 जिलों में चला अभियान
### फूलों-लाइटों से सजे कार्यालय, स्वच्छता के साथ संगठन को मिला उत्सवी रंग से गूंजा वातावरण
### फूलों, रंगोली और रोशनी से सजा परिसर, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

-सुरेश गांधी



वाराणसी. भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर काशी क्षेत्र में संगठनात्मक ऊर्जा और स्वच्छता का अद्भुत समागम देखने को मिला। रोहनिया एवं गुलाब बाग स्थित कार्यालय उत्साह, संगठन शक्ति और वैचारिक प्रतिबद्धता का केंद्र बना रहा। सजे-धजे परिसर में आयोजित समारोह में सैकड़ों कार्यकताओं की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दे दिया। इस अवसर पर दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी नवरतन राठी भाजपा के संघर्षपूर्ण इतिहास को याद करते हुए कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है। उन्होंने बताया कि 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित जनसंघ से शुरू हुई यात्रा 1980 में भाजपा के रूप में विकसित हुई, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। उन्होंने 1984 से लेकर 2014 और उसके बाद के दौर तक पार्टी की राजनीतिक यात्रा और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और विरासत दोनों को नई दिशा मिली है। कार्यक्रम में जनसंघ कालीन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, वंदे मातरम् के साथ वातावरण गूंजा और राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। समारोह में पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य एमएलसी धर्मेंद्र सिंह राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज के समग्र विकास के लिए मजबूती से काम करेगा ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस

पटना। महादेवी वर्मा सम्मान समारोह तथा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बिहार में हुई पहली बैठक की शानदार सफलता से उत्साहित ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस कायस्थों के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ाने के लिए अब और सशक्त होकर काम करेगा।

## पीसीएस टॉपर आनंद राज सिंह का माता-पिता संग हुआ भव्य स्वागत




सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। जनपद के राबर्टगंज स्थित संत कीनाराम सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लोढ़ी में सोमवार को यूपी पीसीएस परीक्षा में 22वीं रैंक हासिल करने वाले होनहार छात्र आनंद राज सिंह का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके साथ पहुंचे माता-पिता का भी विद्यालय परिवार ने सम्मान किया। आनंद राज सिंह के गृह जनपद आगमन की सूचना मिलते ही विद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे परिसर को फूल, माला, गुब्बारे, पोस्टर और बैनरों से सजाकर दुल्हन की तरह सुसज्जित किया। जैसे ही आनंद राज अपने माता-पिता के साथ विद्यालय पहुंचे, गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोपाल सिंह ने अंगवस्त्र, माला, पुष्प एवं संत कीनाराम महाराज की तस्वीर भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर आनंद राज सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुओं, माता-पिता और संत कीनाराम महाराज के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित और एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई करना ही सफलता का मूल मंत्र है। 8 से 10 घंटे की निरंतर पढ़ाई से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए त्याग और तपस्या जरूरी है। उन्होंने अपने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां कम शुल्क में उच्च स्तरीय शिक्षा और अनुशासन मिलता है, जो अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा के साथ अध्ययन करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य मनुश्री, निदेशक अंकित सिंह सहित शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गर्व से भरा रहा।

# भाजपा राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है : एसएम खान

### जोगेश्वरी में हर्षोल्लास से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को शाम देर शाम जोगेश्वरी (पश्चिम) न्यू. लिंग रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम कर पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष एसएम खान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी वाजपेयी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यर्पण कर किया।

इस दौरान एसएम खान ने भरतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के विषय में सविस्तार उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से जन्मी भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है। खान ने कहा कि पार्टी भारतीय संस्कृति के ऐतिहासिक महत्व को पुनर्स्थापित करने का लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जब से जोगेश्वरी में पार्टी का यह कार्यालय खुला है,तभी से जरूरतमंद लोगों की मदद कर पार्टी का जनाधार बढ़ाने का कार्य किया जा रहा। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी 'लाडली बहन योजना' की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्तर-पश्चिम जिला के कामगार सेल के अध्यक्ष धर्मेश पाल, सुनील दुबे, मनोज यादव, अमरचंद यादव, राजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राविपजूइं संगठन के चुनाव में आईपी सिंह अध्यक्ष व अवधेश मिश्र महासचिव चुने गए




वाराणसी. राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन उत्तर प्रदेश (पेंशन प्रकोष्ठ) पूर्वांचल का 12वां वार्षिक महाधिवेशन रविवार को महमूरगंज स्थित शगुन लॉन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आए सेवानिवृत्त अभियंताओं और कर्मचारियों की बड़ी भागीदारी रही। इस दौरान बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ई आईपी सिंह को अध्यक्ष, ई अवधेश मिश्र को महासचिव सहित अन्य पदों पर निर्विरोध चयन किया गया।

महाधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि निदेशक (वाणिज्य) शिशिर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त सदस्यों के उत्साह की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। उन्होंने संगठन द्वारा प्रस्तुत 26 सूत्रीय मांग पत्र को संस्तुति के साथ आगे बढ़ाने और अपने स्तर की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।

महासचिव ई अवधेश मिश्र ने 26 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए एलएमवी-10 सुविधा को यथावत रखने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। संरक्षक ई शिव लखन राम गुप्ता व ई आरके पाण्डेय ने सरकार से विद्युत निगमों के निजीकरण पर पुनर्विचार की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में सुधार कर विभाग के घाटे को कम करते हुए उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं दी जा सकती हैं। साथ ही वरिष्ठों के अनुभव से संगठन को मजबूत बनाने और नए सदस्यों को मार्गदर्शन देने पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में संगठनात्मक गतिविधियों के तहत प्रतिवेदन, वित्तीय रिपोर्ट और लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्युत मजदूर संघ, अभियंता संघ और अन्य संगठनों के कई पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। महाधिवेशन की अध्यक्षता ई इन्द्रपाल सिंह ने की, जबकि संचालन महासचिव ई अवधेश मिश्र ने किया। अंत में अध्यक्ष ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सोनभद्र के डॉ. बृजेश महादेव को मिला ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड 2026

-सुशील कुमार तिवारी

सोनभद्र ( उत्तरशक्ति )। जिले के चोपन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भरहरी निवासी नवाचारी शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह राजस्थान के जयपुर स्थित सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के कालिंदी ऑडिटोरियम में 5 अप्रैल को आयोजित हुआ, जिसमें 15 देशों के लगभग 200 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. बृजेश महादेव वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां (सोनभद्र) में वरिष्ठ शिक्षक एवं ब्लॉक स्काउट मास्टर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें शिक्षा, साहित्य और समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं दीर्घकालीन सेवाओं के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. महादेव इससे पूर्व भी एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड एवं राज्य आईसीटी अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। वे एक प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन व प्रकाशन किया है और सर्च लुक शोध पत्रिका, साहित्य सरोवर ई-पत्रिका तथा बैसवार दर्पण सामाजिक पत्रिका का संपादन भी कर रहे हैं। डॉ. महादेव का मानना है कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। वे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हरियाली आंदोलन चला रहे हैं। उनका संदेश है—जहां है हरियाली, वहां है खुशहाली। इस अवसर पर भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर एवं निदेशक डॉ. निशा माथुर ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में देश-विदेश के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. बृजेश महादेव की इस उपलब्धि पर जनपदवासियों व शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 1 करोड़ बिक्री का आंकड़ा पार किया

पटना। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पूर्वी क्षेत्र में 1 करोड़ संचयी बिक्री का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है और इसके मजबूत बाजार विस्तार को दर्शाती है। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों जैसे प्रमुख बाजारों में मिली यह सफलता एचएमएसआई की बढ़ती लोकप्रियता और ग्राहकों के भरोसे को और मजबूत करती है। यह उपलब्धि एचएमएसआई के मजबूत और लगातार विस्तार को दर्शाती है, जो महानगरों के साथ-साथ उभरते अर्ध-शहरी बाजारों में भी साफ दिखाई देता है, जहाँ दोपहिया वाहन रोजमर्रा की आवाजाही में अहम भूमिका निभाते हैं।

## हौसला बुलंद बदमाशों ने विद्युत विभाग के ठेकेदार पर की फायरिंग

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर स्थानीय कोतवाली के देवकली गांव मे उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार आधा दर्जन बदमाशों ने घर में घुसकर विद्युत विभाग के ठेकेदार को निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। हालांकि फायरिंग में ठेकेदार बाल-बाल बच गए और गोली बरामदे में रखी चौकी पर जा लगी।सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से एक खोखा बरामद कर जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि देवकली गांव निवासी उदय प्रताप यादव, जो झारखंड में विद्युत विभाग के ठेकेदार हैं, एक सप्ताह पूर्व ही घर आए थे। उनके मकान का प्रथम तल निमार्णाधीन है,जहां टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा था। चार दिन पहले टाइल्स टूटने को लेकर मिस्त्री से उनका विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे टाइल मिस्त्री अपने साथियों के साथ चार बाइकों पर सवार होकर उनके घर पहुंचा और उदय प्रताप यादव को बाहर बुलाया। जैसे ही वह बरामदे में आए,एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर उन पर फायर कर दिया। अफरा-तफरी के बीच चली गोली चौकी पर जा लगी, जिससे उनकी जान बच गई।बदमाश फायरिंग करते हुए भागने लगे उदय प्रताप यादव ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की,लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन कर रही है और आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## एसएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों से किया संवाद, अनुशासन व जनसेवा का दिया संदेश



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस कार्यालय जौनपुर में सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह द्वारा नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी आरक्षियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी ने आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा जनसेवा का माध्यम है, इसलिए आमजन के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षण अवधि के दौरान शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कानूनों की जानकारी बढ़ाने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने एवं जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में एसएसपी ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्य के प्रति सदैव सजग और समर्पित रहने का संदेश दिया।

## अवैध धर्मांतरण के आरोप में तीन गिरफ्तार, पम्पलेट व सामग्री बरामद




बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना बदलापुर पुलिस ने अवैध रूप से धर्मांतरण कराने के आरोप में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से पम्पलेट, धार्मिक पुस्तकें व अन्य सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल को सूचना मिली कि ग्राम बबुरा में एक घर पर लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर एक कमरे में महिलाओं व पुरुषों की भीड़ देखी। जांच के दौरान वहां से संबंधित सामग्री बरामद की गई, जबकि उपदेश देने वाला एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। मामले में राकेश गौतम उर्फ सोनू निवासी बबुरा, डेविट कुमार निवासी रुपचन्द्रपुर तथा रामकरन गौतम निवासी खजुरन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 व अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक शेष कुमार शुक्ला ने किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र दत्त, उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है तथा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## जिलाधिकारी की पहल ला रही रंग, बड़ी संख्या में लोग भूसा दान के लिए आ रहे आगे

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा लगातार जनपद के सम्भ्रांत नागरिकों, किसानों, समाजसेवियों आदि से लगातार अपील की जा रही है कि गो-आश्रय स्थलों के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग आगे बढ़कर भूसा दान करें। जिसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गेहूं क्रय संबंधी बैठक के दौरान विभिन्न राइस मिलों के प्रोपराइटरों के द्वारा 25-25 कुंतल भूसा दान करने की सहमति व्यक्त की। इनमें हरिओम राइस मिल, दुर्गेश राइस मिल (खेतासराय), प्रतिभा इंडस्ट्रीज (सतहरिया), जायसवाल ट्रेड्स (केराकत), लवकुश राइस मिल (महराजगंज), रामनगर एग्रो (शाहगंज) तथा माँ विंध्यवासिनी राइस मिल (त्रिलोचन) सहित अन्य शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी दान दाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग न केवल पशुपालकों के लिए राहतकारी सिद्ध होगा, बल्कि सामाजिक सहभागिता और मानवीय संवेदनाओं का भी परिचायक है। उन्होंने जनपद के अन्य व्यक्तियों, संस्थानों एवं संगठनों से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।

## जौनपुर : हास्पिटल में करंट से मौत पर डॉक्टरों ने दी 5 .25 लाख रुपए क्षतिपूर्ति

### * ट्यूलिप हॉस्पिटल में वाटर कूलर से पानी लेने गई महिला की करंट से हुई थी मौत
### * दो डॉक्टरों व मैनेजर के खिलाफ मृतका के पति ने कोर्ट में दाखिल किया था परिवाद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के ट्यूलिप हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वाटर कूलर से पानी लेने के दौरान करंट लगने से महिला की मौत के मामले में लापरवाही के दोषी दो डॉक्टरों व मैनेजर ने दीवानी न्यायालय के स्थाई लोक अदालत में 5.25 लाख क्षतिपूर्ति जमा किया जो मृतका गुड़िया के पति प्रदीप कुमार गौड़ को जरिए चेक प्रदान की गई।

सुइथाकला, शाहगंज निवासी प्रदीप कुमार गौड़ व उसके दो बच्चों ने स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष लालचंद गुप्ता के समक्ष ट्यूलिप हार्ट एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघरा, कोतवाली के डॉक्टर उत्पल कुमार शर्मा, डॉक्टर मोहसिन जफर तथा मैनेजर उज्जवल कुमार सिंह के खिलाफ परिवाद दाखिल किया कि उसने अपनी मां लालती देवी को इलाज के लिए 28 सितंबर 2025 से 1 अक्टूबर 2025 तक ट्यूलिप हॉस्पिटल में भर्ती किया था। वादी की पत्नी गुड़िया मां लालती की देखरेख हॉस्पिटल में कर रही थी। 30 सितंबर 2025 को 10:30 बजे सुबह जब गुड़िया हॉस्पिटल में लगे वाटर कूलर से पानी लेने गई तभी वाटर कूलर में करंट लगने से गुड़िया गिर पड़ी। अस्पताल के डॉक्टर ने बिना चेक किए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां ले जाने पर डॉक्टरों ने गुड़िया को मृत घोषित कर दिया। परिवादी व अन्य लोगों ने इस घटना को देखा।

विपक्षीगण के घोर उपेक्षा व लापरवाही से घटना घटी। पुलिस ने भी मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल किया। विपक्षीगण तत्काल कोई इलाज की व्यवस्था किए होते तो गुड़िया की जान बच सकती थी क्योंकि हॉस्पिटल में हर प्रकार के मरीज विशेष कर हार्ट के मरीजों का इलाज होता है। मामले में विपक्षीगण 5.25 लाख बतौर क्षतिपूर्ति देने के लिए सहमत हुए। विपक्षी गण ने धनराशि चेक के जरिए कोर्ट में अदा किया जो परिवादी प्रदीप को प्रदान की गई।

## जिसे ईश्वर चाहे वही उसे जान सकता है : शांतनु जी महाराज

### * छठवें दिन आचार्य शांतनु जी महाराज ने गोवर्धन लीला व प्रेरक प्रसंगों से किया भावविभोर



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के सुइथाकला गांव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा पंडाल में ऐसा आध्यात्मिक वातावरण बना मानो साक्षात वृंदावन ही स्थापित हो उठा हो और श्रोता भक्ति रस में पूरी तरह डूब गए। कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने अपने ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रवचन में भगवान श्रीकृष्ण की गोवर्धन लीला सहित कई प्रेरक एवं कर्मप्रधान प्रसंगों का वर्णन किया। उनकी मधुर वाणी और प्रभावशाली प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य ने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत का प्राण महारास है, जो भक्ति और प्रेम का सर्वोच्च स्वरूप है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिसे ईश्वर चाहता है, वही उसे सच्चे रूप में जान सकता है। कहा कि वृंदावन की महिमा ऐसी है कि बैकुंठ की शोभा भी उसके सामने फीकी प्रतीत होती है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का सनातन धर्म अटूट और शक्तिशाली है, जिसे कोई मिटा नहीं सकता। हमारी हस्ती मिटती नहीं, यह सनातन की शक्ति है, उन्होंने दृढ़ता से कहा।

भगवान श्रीकृष्ण की बंसी की मधुर तान का वर्णन करते हुए आचार्य जी ने बताया कि किस प्रकार गोपिकाएं उस दिव्य स्वर को सुनकर तन-मन की सुध-बुध खो बैठती थीं। इस भावपूर्ण वर्णन ने पूरे पंडाल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया और श्रद्धालु तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठे। कथा स्थल पर भजनों की मधुर धुन, श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय वातावरण ने पूरे परिसर को दिव्यता से भर दिया। उपस्थित लोगों ने कथा श्रवण कर आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रमेश सिंह, डॉ. दिनेश सिंह एवं डॉ. उमेश सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। मुख्य यजमान इंद्रावती सिंह एवं यमुना प्रसाद सिंह ने विशेष रूप से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ अवनीश सिंह 'गुरुजी', अरुण कुमार सिंह मुन्ना, अधिवक्ता विपिन कुमार सिंह, श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के सेवानिवृत्त शिक्षक राम दुलार वर्मा, इंजीनियर चंदन निषाद, अजय सिंह (इंस्पेक्टर) सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संगठन की मजबूती ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैः कृपाशंकर सिंह



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के शाहगंज विधानसभा अंतर्गत अरसियाँ मंडल में स्थित होटल जे.जे. पैलेस में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियानझ2026 के सातवें सत्र के द्वितीय दिवस पर पूर्व गृहराज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी शक्ति होती है। कार्यकताओं को संगठन की नीतियों, विचारधारा और विस्तार के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक निर्णयों और विकास कार्यों की भी विस्तार से चर्चा की। साथ ही कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में विधायक रमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष अवधेश दुबे, डॉ. चिंतामणि, के.डी. सिंह, जगत नारायण बिंद, सुनील तिवारी, जितेंद्र सिंह, श्याम राज सिंह, पवन पाल, आदर्श सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कथा सुनना भी किसी साधना से कम नहीं हैः पंडित विद्याधर मिश्र

वाराणसी ( उत्तरशक्ति )। जनपद के रोहनिया मोहनसराय चौराहा पर गायत्री शक्तिपीठ नगवा वाराणसी के तत्वाधान में शाखा गायत्री परिवार मोहनसराय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री पावन प्रज्ञा पुराण एवं गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को सुबह गायत्री मंत्र जप,देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ किया गया। जिसमें गायत्री परिवार एवं क्षेत्रीय लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा में नगवा शक्तिपीठ से आए कथावाचक पंडित विद्याधर मिश्र ने जीवन में यज्ञ के महत्व, मां गायत्री एवं गुरु जी की महिमा एवं संस्कार पर विस्तार पूर्वक समझाते हुए बताया ।उन्होंने कथा में अच्छे श्रोता के गुण बताते हुए कहा कि कथा सुनना केवल सुनने का ढर्रा न बन जाए बल्कि कथा सुनने का लक्ष्य/उद्देश्य भी ध्यान में रहे,कथा सुनना किसी साधना से कम नहीं,यह पावन प्रज्ञा पुराण की कथा युग के समाधान को लिए हुए है ।कथा के दौरान भारी संख्या में उपस्थित श्रोता श्रद्धालुओं की भक्तिमय भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम के उपरांत माता भगवती भोजनालय में लोगों ने प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया ।इस दौरान शक्तिपीठ नगवा की टीम पूर्णिमा ,कल्पनाथ, महेंद्र विश्वकर्मा, शीला श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, डॉक्टर सीताराम विश्वकर्मा,ओमेश्वर सपेत,बनारसी प्रसाद,मालती प्रसाद इत्यादि लोग उपस्थित रहे।


डॉ. वकील नज़ीर इण्टर कालेज
ADDMISSION OPEN
2026- 27
फाउंडर & मैनेजर
डॉ. वकील अहमद नजीर
80094 80093
असिस्टेंट मैनेजर
मो० राफे शमीम
(M.B.A)
निकट- करीमगंज, मानी कलाँ, शाहगंज, जनपद -जौनपुर (उ0प्र0)- 222139


मो. 7897031065, 9889373010
लालमनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
स्थान- मेडिकल कॉलेज के सामने, सिद्दीकपुर, जौनपुर.
हमारे अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक
डॉ. दिलीप कुमार सरोज
MBBS-M.S. ORTHO
हड्डी रोग विशेषज्ञ • On Call
डॉ. चंचला मिश्रा
MBBS-M.S.
स्त्रीरोग विशेषज्ञ • सुबह 10 से शाम 4 तक
डॉ. दिनेश कुमार
MBBS.MD. (GENERAL MEDICINE)
IMS - BHU 24 घण्टे
डॉ. प्रभाकर उपाध्याय
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. सुनील दुबे
MBBS-M.S.
(जनरल सर्जरी) • On Call
डॉ. अरविन्द कुमार यादव
MBBS-M.D.
बाल रोग विशेषज्ञ • प्रतिदिन
उपलब्ध सुविधाए-
• OT (MODULAR OT)
• VENTILATOR
• DIGITAL X-RAY
• PATHOLOGY
• ICU
• ABG
• BiPAP
• ECG


ISO 9001: 2015 CERTIFIED
आशीर्वाद हॉस्पिटल
डा. विनोद कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस. ( आर्थो सर्जन )
ट्रामा एण्ड ज्वाइन्ट रिप्लेसमेन्ट सर्जन
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
दूरबीन (Arthroscopy) विधि द्वारा Ligament Repair (ACL, PCL, Etc.) की सुविधा उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत समस्त रोगों का नि:शुल्क इलाज
Policetechnical Chauraha, Jaunpur
9415287571, 8953320461
9838639567, 7839059070
जनपद का प्रथम जापानी तकनीकी से निर्मित अध्यायुधिक IVF (टेस्ट ट्यूब बेबी) सेन्टर
ASHIRWAD IVF
& FERTILITY CENTER
Embrace Your Life's Most Precious Gift
डा. अन्जू कन्नौजिया
एम.बी.बी.एस., एम.एस.कन्सलटेन्ट आब्सटेट्रिक्स &
गायनकोलोजिस्ट एण्ड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट
इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
पता : पालिटेक्निक चौराहा, जौनपुर


Reg. No. JNP/228
Mob. 9554188080
ABEEHA
Diagnostic Center
अबीहा
डायग्नोस्टिक
सेन्टर
24/7 Emergency Services
ULTRASOUND
PATHOLOGY
Shahganj Padaw, Pani Tanki, In Front of Mandir, Jaunpur


EPS EDEN PUBLIC SCHOOL
C.B.S.E. AFFILIATED (10+2) ENGLISH MEDIUM
Nursery to IX & XI Science, Commerce & Art
नूरजहाँ गर्ल्स हायर सेकण्ड्री स्कूल
2026-27
ADMISSION
OPEN
Founder/Chairmain
Pervez Alam (Bhutto)
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101


नया सत्र
MODERN CONVENT SCHOOL
Educate A Girl....
Educate A Family....
Best Educationist Award by
Deputy CM
Shri Brajesh Pathak
मॉडर्न
कान्वेंट स्कूल
कक्षा- नर्सरी से 11 तक
अंग्रेज़ी माध्यम
Established Since 1999
With good quality of education
E-mail: modernconventschool007@gmail.com
www.mcsshools.com
प्रवेश प्रारम्भ
2026-27
प्रबंधक
डॉ० आबिद खान
7518714123
8960117268
7007016231
निकट- हबीब हॉस्पिटल के पास खेतसाराय, जौनपुर

# जीवन रक्षा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

**डा0 नवीन कुमार सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 शिल्पी सिंह**
M.B.B.S., M.S. (Obs & Gyn)
स्त्री रोग विशेषज्ञ

फ्रैक्चर, गठिया, कमर दर्द ऑर्थराइटिस, कूल्हाघुटना प्रत्यारोपण इत्यादि रोगों का इलाज

सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन ट्यूमर का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा बच्चे की जाँच नार्मल डिलीवरी इत्यादि रोगो का इलाज किया जाता है।

आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
इमरजेन्सी सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध
24/7 Emergency Services
नया पता- पुलिस चौकी के सामने, सिपाह, आजमगढ़ रोड जौनपुर (उ0प्र0) 6390303050



# TSMH त्रिभुवन सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल

**डा0 जयेश सिंह**
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (पीडियाट्रिक्स)
डी.एम. (नियोनेटोलॉजी)
(Fernandez Hospital, Hyderabad)
DASSI (KEM Pune)
ONTOP (AIIMS New Delhi)

हृदय रोग एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
**डा0 स्पृहा सिंह**
M.B.B.S., MD (Pt. JNM Raipur)
CCEBDM (Diabeties)
जनरल फिजिशियन एवं मधुरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक आपोलो हॉस्पिटल, हैदराबाद

पूर्वांचल के प्रथम व एकमात्र सुपर स्पेशलिस्ट नवजात शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ

- नवजात शिशु का आई.सी.यू. एक्सरे, ई.सी.जी. एवं बच्चों के सभी रोगों का इलाज।
- निमोनिया, जन्म पर गन्दा पानी पीने वाले नवजात अत्याधुनिक आई.सी.यू. की सुविधा।
- समय से पूर्व (सतवासे) में पैदा हुए बच्चों का इलाज एवं बच्चों का समस्त टीकाकरण।
- नवजात शिशु, हाई रिस्क ओपीडी (प्रत्येक शनिवार) अत्यन्त अल्पविकसित नवजात व गम्भीर स्थिति से भर्ती नवजात के मानसिक एवं शारिरीक विकास का आकलन व उपचार।
- अल्पविकसित नवजात शिशु को एक बार अवश्य दिखाए ।

- वयस्कों में हार्ट, किडनी, शुगर, पेट रोग, लकवा, पैरालाइसिस निमोनिया, लीवर, डेंगू, मलेरिया, टाईफाइड, अस्थमा/दमा, हाईब्लड प्रेशर, मलेरिया, डायलसिस, सिजेरियन डिलिवरी नसों में शून्नपन, मस्तिष्क ज्वर, पीलिया, हेपेटाईटिस बी., ल्यूकोरिया खूनी पेचिस, सर दर्द, माइग्रेन, यूरिन इन्फेक्शन स्वास व फेफड़ा रोग व अन्य सभी रोगों का इलाज किया जाता है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
आयुष्मान कार्ड द्वारा नवजात शिशु, बच्चों एवं व्यस्को का निःशुल्क इलाज।
पूर्वांचल के एक मात्र सुपरस्पेसिलिस्ट नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ

पता- दिवानी कचहरी, अम्बेडकर तिराहा, जौनपुर | 05452-356274, 7992031213, 9026551423 | Youtube @TribhuvanSinghMemorialHospital



Affiliation Code- 2134064 | 2026-27 ADMISSION OPEN | Schooll Code- 72085

# NEW DELHI PUBLIC SCHOOL

Shaping Generations

NURSERY ONWARDS
Affiliated to CBSE New Delhi
LEARNING BY DOING

## Our Facilities

- Qualified Teachers
- Group Activities
- Quality Education
- Creative Learning

YOUR KIDS DESERVE THE BEST EDUCATION

Mob.: 9170993826, 7269081017
Add- Imranganj, Shahganj, Jaunpur (UP) 223101



Reg.No.- CMEE2134134
# SALVATION HOSPITAL
# साल्वेशन हॉस्पिटल
A Unit of Salvation Foundation Trust
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे NH-56) से 400 मीटर दूरी पर
ECHS | QCI | ISO

**प्रतीक श्रीवास्तव** (मैनेजिंग डायरेक्टर)

**डा. विवेक श्रीवास्तव** एम.डी. (फिजिसियन) Feilposnia in Ots & Gyana Fellbeship in Dielysis Meirber of Indian Medical Association

**डा. प्रियंका श्रीवास्तव** B.A.M.S. स्त्री रोग विशेषज्ञ

**डा. अमित कुमार गौरव** एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम कार्डियोलॉजिस्ट आई.एम.एस., बी.एच.यू.

**डा. संदीप राय** एम.बी.बी.एस., एम.डी.एम गैस्ट्रोलॉजिस्ट जी.बी. पन्त हॉस्पिटल. न्यू दिल्ली

**डा. संतोष कुमार मौर्य** एम.बी.बी.एस., एम.डी., डी.एम नेफ्रोलॉजिस्ट

**डा. उज्जवला** बी.डी.एस. (डेंटिस्ट) दन्त रोग विशेषज्ञ

## सुविधाएँ-

- वेन्टीलेटर वाईपैप की सुविधा
- ICU भर्ती उपलब्ध
- अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे
- पैथोलॉजी/ ECG

- हमारे यहाँ आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों को निःशुल्क इलाज व ऑपरेशन किया जाता है।
- आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है।
- दांतो की सम्पूर्ण जाँच उपलब्ध है। • आँखों की सम्पूर्ण जाँच व ऑपरेशन भी होता है।
- TPA/Insurance Company के द्वारा कैशलेश की सुविधा उपलब्ध है।

परामर्श हेतु संपर्क करें- 9138828283, 8686867547, 7742913338
www,thesalvationhospital.com | salvationhospital@gmail.com | Salvationhospital

24/7 Emergency Services
नोट- डी.एम.गेस्ट्रो, काडियो, नेफ्रो को दिखाने के लिए पहले से नम्बर लगायें।



# अरुणोदय सर्जिकल एण्ड ट्रामा सेन्टर

जनरल सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आर्थोपेडिक (सर्जरी एवं परामर्श)
कीमोथेरैपी सुविधा उपलब्ध
न्यूरो सर्जरी (परामर्श एवं सर्जरी)

वेन्टिलेटर एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
प्रशिक्षित डाक्टर स्टाफ तथा सभी मानकों पर खरा उतरने वाला जनपद का एक मात्र हास्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी
जनरल मेडिसिन, मधुमेह रोग

गुर्दा एवं मूत्र रोग (सर्जरी एवं परामर्श)
गैस्ट्रोइन्टरोलॉजी (इण्डोस्कोपी एवं कालोनोस्कोपी)
एक्सीडेण्टल एवं ट्रामा इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध

24/7 Emergency Services

**डा. अरूण आर. सिंह**
कन्सल्टेन्ट लैप्रोस्कोपिक सर्जन
एस.एम.ओ.) एल.टी.एम.एम. जी. एच. (सायन हॉस्पिटल मुम्बई)
स.आर.) एम. जी.एम. मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (नवी मुम्बई)
रजि.नं.-82945 (यू.पी.एम.सी.)

**डा0 पुनीत सिंह** M.S.M.C.H. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ (यूरो सर्जन)

**डा0 रवि प्रकाश सिंह** M.S. (Ortho) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डा0 प्रभात सिंह** M.D.( Medicine) कंसल्टेंट फिजिशियन

**डा0 सुमित कुमार सिंह** M.D.( Neuro Psychiatrist) मानसिक रोग विशेषज्ञ

बीमा कार्ड धारकों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधाएं
8090966086,8090015086
कलीचाबाद, जौनपुर



# AMIR TRAVELS

Hajj & Umrah Services
DOMESTIC & INTERNATIONAL AIR TICKETS

Visit Visa, Holiday Tour Packages, Waqala Delhi & Mumbai Gamca & Medical Services Emigration, Visa Stamping, Currency Exchange, Money Transfer

Vakrangee Kendra ATM

- Withdrawal & Deposit Money from All Bank ( ATM & Adhaar Services)
- Passport, Pan Card & Driving License Services
- Common Services Center (csc) & Sahaj Jan Seva Kendra Related Services
- Aadhar Card Correction Online

Card nahi? Scan Karo, Paisa Nikalo!

प्रो0- मो0 आसिफ | 7860303530, 9616636079

उप- संपादक
डॉ. इम्तियाज अहमद
उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक | मो0- 9695970605

www.uttarshaktinews.com | YouTube UTTAR SHAKTI TV NEWS | E Mail- uttarshaktijaunpur7066@gmail.com | Uttar Shakti News Jaunpur

निकट- नसीराबाद चौक, पूर्व प्रधान नेयाज़ अहमद कटरा, मानीकलां, जौनपुर (उ0 प्र0)